संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 235
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
बुधवार 28 अक्टूबर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



पहले यूपी में माफिया राज था, अब युवाओं को मिल रहे रोजगार के अवसर : योगी

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पिछली सरकारों में माफिया व अपराधियों को बढ़ावा दिया गया तथा सरकारी नौकरियों में योग्यता के बजाय सिफारिश और लेनदेन का बोलबाला था। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने प्रदेश में कानून–व्यवस्था की स्थिति बदलने के साथ युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर उपलब्ध कराए हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया समूह द्वारा आयोजित यूथ आइकन समिट में योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017 से पहले पहचान और सुरक्षा का संकट था, जबकि उनकी सरकार ने अपराधियों के खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाकर स्थिति बदली है। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा, हमारे विपक्ष के मित्र दुष्प्रचार करने



में पारंगत हैं। उन्होंने अग्निवीर योजना को लेकर भी खूब दुष्प्रचार किया लेकिन हमने चार साल की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को प्रदेश के सभी विभागों में सीधी भर्ती के जरिये नौकरी देने की व्यवस्था की है। उन्होंने दावा किया कि पहले प्रदेश में अपराधियों और माफिया का प्रभाव था, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। आदित्यनाथ ने कहा, माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। अब उत्तर प्रदेश में श्एक जिला, एक माफियाश नहीं, बल्कि एक जिला, एक उत्पाद है। मुख्यमंत्री ने सरकारी भर्तियों में अनियमितताओं का जिक्र करते हुए दावा किया कि पिछली सरकारों के दौरान नियुक्तियों में योग्यता के बजाय कथित तौर पर सिफारिश और लेनदेन को महत्व दिया जाता था। उन्होंने कहा कि एक बार उनके सामने ऐसी फाइल आई, जिसमें कुछ ऐसे लोगों को भी नियुक्ति पत्र दिए जाने का उल्लेख था जिन्होंने आवेदन तक नहीं किया था। आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि पहले किसी भी नियुक्ति की योग्यता का आधार केवल सैफई सिंडिकेट से उसकी नजदीकी ही होता था या फिर वहां पर लेनदेन कितना हुआ है, इस पर निर्भर करता था, उसकी योग्यता पर नहीं। उन्होंने कहा, मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में हम लोगों ने साढ़े नौ लाख सरकारी नियुक्ति पत्र वितरित किए हैं बिना किसी सिफारिश या लेनदेन के। इसमें कहीं किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है। आदित्यनाथ ने अगले छह महीने में एक लाख और युवाओं को सरकारी नौकरी देने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि करीब 4500 उपनिरीक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले सप्ताह नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा 32 हजार से अधिक पुलिस कांस्टेबलों और 42 हजार होमगार्ड्स जवानों की भर्ती प्रक्रिया पूरी होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र जल्द दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने खिलाड़ियों को भी श्पदक लाओ, पद पाओश की नीति के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 1,400 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। आदित्यनाथ ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप की संख्या 2017 के करीब 120 से बढ़कर अब 25,000 हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नए उद्यमों को प्रोत्साहित करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का कोष बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 96 लाख सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इकाइयां हैं, जिनसे 3.25 करोड़ से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलता है। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आकार तीन गुना हुआ है और प्रति व्यक्ति आय में भी तीन गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी 57,000 ग्राम पंचायतों में पर्याप्त बिजली उपलब्ध है।

दवाओं की कीमतों का मामला: सुप्रीम कोर्ट ने पूछा–

निर्माता के फायदे के लिए क्यों काम कर रहा पूरा तंत्र?

नई दिल्ली, एजेंसी। दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) और खुदरा विक्रेताओं को मिलने वाली कीमत के बीच भारी अंतर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार से सवाल किया। कोर्ट ने पूछा कि पूरा तंत्र दवा निर्माताओं की मदद करने के लिए क्यों काम कर रहा है? केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया कि सरकार की नीति पूरे तंत्र को नियंत्रित करने की नहीं है। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पूछा, पूरा तंत्र इन लोगों (दवा निर्माताओं) की मदद करने के लिए क्यों काम कर रहा है? कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) पूरी तरह निष्क्रिय संस्था नजर आती है। पीठ देश में दवाओं की कीमतों से जुड़े मुद्दे को उठाने वाली दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। एमआरपी और खुदरा विक्रेता को मिलने वाली कीमत के बीच



भारी अंतर का जिक्र करते हुए पीठ ने कहा, सरकार ऐसा होने दे रही है। यह सब सरकार की अपनी नजरों के सामने हो रहा है। पीठ ने पूछा, क्या इसे मनमाने ढंग से चलने दिया जाना चाहिए?

कैंसर की दवाओं की कीमतों पर भी उठे थे सवाल


12 अक्तूबर को सुनवाई के दौरान शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि कैंसर रोधी दवाओं की खरीद और बिक्री के बीच के अंतर को अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के 30 फीसदी तक सीमित करने के मुद्दे पर केंद्र सरकार का जवाब श्खुश होने लायक बिल्कुल नहीं हैश। कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया था कि सरकार अन्य दवाओं की खरीद और बिक्री के बीच के अंतर को सीमित क्यों नहीं कर सकती? इससे पहले, अस्पतालों की ओर से कैंसर की दवाओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी को लेकर शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की थी। इसके बाद केंद्र ने कहा था कि सरकार ने कैंसर रोधी दवाओं की खरीद और बिक्री के बीच के अंतर को अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के 30 प्रतिशत तक सीमित करने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इससे मरीजों को हर साल लगभग 2,500 करोड़ रुपये की बचत होने की उम्मीद है।

राजस्थान में नदियों के प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, सीबीआई जांच की दी चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान में जोजरी–बांडी–लूनी नदी क्षेत्र में कथित अवैध खनन को लेकर सोमवार को राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि वह इस मामले में सीबीआई जांच के आदेश दे सकता है। यह कड़ी टिप्पणी न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने की, जो जोजरी नदी में प्रदूषण से जुड़े एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। शीर्ष अदालत ने बांडी और लूनी नदियों में प्रदूषण के मुद्दे को भी रेखांकित किया। जोजरी नदी जोधपुर से होकर गुजरती है, बांडी नदी पाली से होकर बहती है और लूनी नदी बालोतरा से होकर गुजरती है। बांडी और जोजरी नदियां बालोतरा शहर के पास लूनी नदी में मिल जाती हैं। न्यायालय ने सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान कथित अवैध खनन, खनन पट्टों के नियमितीकरण और बिना आवश्यक अनापत्ति प्रमाण–पत्र (एनओसी) के चल रहे उद्योगों से जुड़े मुद्दों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। पीठ ने टिप्पणी की, ''अगर हम इसकी जांच–पड़ताल शुरू करते हैं, तो इसमें सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) जांच की जरूरत पड़ सकती है।'' न्यायालय ने कहा, ''राज्य के अधिकारियों की आंखों के सामने पूरी नदी प्रणाली नष्ट हो गई है।'' उसने टिप्पणी की कि राज्य के अधिकारी अपनी जिम्मेदारियां निभाने में विफल रहे हैं। पीठ ने टिप्पणी की कि यदि राज्य प्रभावी सुधारात्मक कदम नहीं उठाता है, तो संबंधित पदाधिकारियों को इसके परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

1 नवंबर की कांग्रेस रैली पर बोले शशि थरूर, नागरिकों के अधिकारों पर पार्टी चुप नहीं रहेगी

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच को एक सफल आयोजन बताया। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल देशों ने संयुक्त घोषणापत्र को लेकर अपने मतभेदों को आपसी सहमति से सुलझा लिया है। इसके साथ ही, उन्होंने दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को कांग्रेस की प्रस्तावित रैली का भी बचाव किया। पत्रकारों से बातचीत में थरूर ने कहा कि ब्रिक्स सदस्य देशों के सांसद अहम मुद्दों



पर चर्चा करने के लिए एक साथ आए थे और यह आयोजन सकारात्मक रूप से संपन्न हुआ। उन्होंने कहा संयुक्त घोषणापत्र को लेकर कुछ चर्चा हुई थी। मुझे पता है कि एक देश कुछ और भी चाहता था, जिसे बाकी देश स्वीकार नहीं कर सके। अंत में, सब कुछ आपसी सहमति से सुलझ गया और भारत ने आधिकारिक तौर पर चीन को अध्यक्षता सौंप दी। थरूर ने कहा कि भारत को ब्रिक्स (ठत्ब्ै) और अन्य मंचों के ज़रिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और संसदीय कूटनीति में सक्रिय भूमिका निभाते रहना चाहिए। 1 नवंबर को रामलीला मैदान में कांग्रेस की प्रस्तावित रैली के बारे में थरूर ने कहा कि अगर नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों को कमज़ोर किया जा रहा है, तो पार्टी चुप नहीं बैठ सकती। उन्होंने कहा, जब तक सरकार और चुनाव आयोग हमारे नागरिकों के संवैधानिक अधिकार छीन रहे हैं, तब तक हम चुप कैसे रह सकते हैं?ष रैली का व्यापारियों पर पड़ने वाले असर को लेकर जताई गई चिंताओं का जवाब देते हुए थरूर ने कहा कि कांग्रेस छोटे व्यवसायों का समर्थन करती है और उसका इरादा लोगों की आजीविका में बाधा डालना नहीं है। उन्होंने कहा, व्यापारियों को बस यह संदेश देने के लिए बुलाया गया है कि हम आपके खिलाफ नहीं हैं।

ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें

वाम दलों ने बनाई मानव शृंखला, एसआईआर रद्द करने की मांग

नई दिल्ली,एजेंसी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने मंगलवार को नई दिल्ली में मानव शृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया। दोनों दलों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित गड़बड़ियों का आरोप लगाया। साथ ही, इस प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की। यह विरोध प्रदर्शन पहले से जारी आंदोलन के तहत किया गया। भाकपा सांसद पी संदोष कुमार ने कहा कि आने वाले दिनों में आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह वास्तव में पहले से जारी आंदोलन का हिस्सा है। आने वाले दिनों में हम इसे तेज करेंगे। यह माकपा का विरोध प्रदर्शन है। इसमें कई साथी शामिल हो रहे हैं। एक नवंबर को एक बड़ी रैली होगी। हमारा विरोध मार्च और दूसरे



कार्यक्रम जारी रहेंगे। भाकपा महासचिव डी राजा ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने विरोध प्रदर्शन के लिए जंतर–मंतर को फिर से उपलब्ध कराने की भी मांग की। राजा ने कहा, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना चाहिए। लोगों के विरोध प्रदर्शन के लिए जंतर–मंतर को फिर से उपलब्ध कराया जाना चाहिए। वही, भाकपा नेता एनी राजा ने भी एसआईआर प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा, हमारे देश में एसआईआर की प्रक्रिया पर रोक लगनी चाहिए। इसलिए हम चाहते हैं कि सरकार इस प्रक्रिया को रद्द करे। ज्ञानेश कुमार को भी इस्तीफा देना चाहिए। हम यही मांग कर रहे हैं।

राजनाथ सिंह फिलीपींस रवाना: आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में होंगे शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को फिलीपींस के सेबू के लिए रवाना हुए। वह 28 और 29 अक्तूबर को होने वाली 13वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक प्लस (एडीएमएम–प्लस) में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। बैठक में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि एडीएमएम–प्लस क्षेत्र में रक्षा और रणनीतिक मुद्दों पर विचार–विमर्श का प्रमुख मंच है। उन्होंने कहा, ''मैं क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े साझा मुद्दों पर इस मंच को संबोधित करने के लिए उत्सुक हूं। भारत अपनी एक्ट ईस्ट नीति के तहत आसियान की केंद्रीय भूमिका और हिंद–प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता तथा सामूहिक विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।'' राजनाथ सिंह ने बताया कि यात्रा के दौरान वह बैठक में शामिल होने वाले देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

लिकटेंस्टीन के प्रिंस एलॉइस ने पीएम मोदी से की मुलाकात, दोनों देशों के संबंधों को मिलेगी नई रफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलॉइस के साथ प्रतिनिधिमंडल–स्तर की बातचीत की। प्रिंस एलॉइस की यह भारत की दूसरी राजकीय यात्रा थी। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में लिकटेंस्टीन के



हेरेडिटरी प्रिंस एलॉइस और हेरेडिटरी प्रिंसेस सोफी से मुलाकात की थी। इस बीच, शाही जोड़े ने राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की, जहां उन्होंने पुष्पांजलि समारोह में भाग लिया और आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राजकीय यात्रा के दौरान प्रिंस एलोइस से भी मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों में बढ़ती गति पर प्रकाश डाला। एक्स पर एक पोस्ट में, जयशंकर ने कहा, भारत की राजकीय यात्रा पर आए लिकटेंस्टीन के प्रिंस एलोइस से मुलाकात करना मेरे लिए खुशी की बात है। उन्होंने आगे कहा, भारत– ईएफटीए टीईपीए से मिले अवसरों की बदौलत, हमारे द्विपक्षीय संबंधों में कई क्षेत्रों में काफी तेजी आ रही है।

राहुल गांधी के बरी होने पर बोलीं प्रियंका, सच को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में एक विशेष MP-MLA कोर्ट द्वारा आपराधिक मानहानि मामले में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को



बरी किए जाने के बाद, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सत्ताधारी प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन उनके भाई को बदनाम करने और निशाना बनाने के लिए एक ष्गंदा अभियानष चला रहा है, क्योंकि राहुल गांधी ने सत्ता के सामने निडर होकर सच बोला है। एक्स पर एक पोस्ट में प्रियंका ने राजनीतिक और कानूनी दबाव के बावजूद राहुल गांधी के अडिग रहने की तारीफ की और कहा कि कोर्ट का यह फैसला सच की जीत की शुरुआत है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने लिखा, ष्सच को कभी भी लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। इस सरकार ने मेरे भाई को बदनाम करने, उनकी छवि खराब करने और उन पर झूठे मुकदमे थोपने के लिए एक श्गंदे अभियानश पर बेहिसाब संसाधन खर्च किए हैंकृसिर्फ इसलिए क्योंकि उन्होंने निडर होकर सच बोला। जिस तरह से उन्होंने झूठ के इस हमले का सामना किया है, उसके लिए बहुत साहस, दृढ़ता और एक सच्चे योद्धा जैसी सहनशक्ति की जरूरत होती है।

दिल्ली में राहुल गांधी की जन सुनवाई: कहा–

सीईसी के इस्तीफे तक नहीं रुकेगा विपक्ष, ऊपर से हो रही वोट चोरी

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार को दिल्ली के त्रिलोकपुरी स्थित ब्लॉक 20 में श्वोट अधिकार जीने का अधिकारश जन सुनवाई में शामिल हुए। इस दौरान राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर हमला तेज करते हुए आरोप लगाया कि देश में ऊपर के स्तर से वोट चोरी की जा रही है और गरीबों के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष एकजुट है और जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें पद से नहीं हटाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। राहुल गांधी ने कहा, इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष एकजुट है। वोट भारत के हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। इसके बावजूद देशभर में



करोड़ों लोगों से उनका यह अधिकार यानी वोट व्यवस्थित तरीके से छीना जा रहा है। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा, श्हम लंबे समय से यह मुद्दा उठा रहे हैं, लेकिन अब पूरा देश समझने लगा है कि ऊपर के स्तर से वोट चोरी हो रही है।श कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि गरीबों के नाम मतदाता सूची से जानबूझकर हटाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इससे उनके अधिकार और सुविधाएं भी प्रभावित हो रही हैं। राहुल गांधी ने कहा, गरीबों के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं और उनके अधिकार तथा सुविधाएं छीनी जा रही हैं। ऐसा क्यों किया जा रहा है? एक ऐसा 'नया हिंदुस्तान' बनाने के लिए, जो कुछ चुने हुए अरबपतियों का हो। जहां आम नागरिकों और गरीबों के अधिकार न हों और देश केवल अरबपतियों के हित में चलाया जाए। राहुल गांधी ने कहा कि इस जन सुनवाई के जरिए लोगों ने बताया कि चार बूथों से 416 नाम कथित तौर पर अवैध तरीके से हटाए गए हैं। उन्होंने कहा, श्भारत के हर नागरिक को वोट देने का अधिकार है। हम लंबे समय से इस मुद्दे को उठा रहे हैं। आज लोगों को समझ आ गया है कि वोट चोरी हो रही है और गरीबों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि जब विपक्ष उनसे सवाल करता है, तो उन्हें जवाब नहीं मिलता। उन्होंने कहा, श्जब हम ज्ञानेश कुमार से सवाल करते हैं, तो वह जवाब नहीं देते। विपक्ष तब तक नहीं रुकेगा, जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं दे देते। राहुल गांधी के ये बयान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के जारी विरोध के बीच आए हैं। इंडिया ब्लॉक के दल मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और नाम हटाए जाने के मुद्दे पर चुनाव आयोग से जवाबदेही तय करने की मांग कर रहे हैं।

संपादकीय

दिव्यता के दिव्यांग

जापान के आईची–नागोया में संपन्न पैरा एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने नया इतिहास रचा है। अब तक हुए पैरा एशियन खेलों में हमारे खिलाड़ियों का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में तीस स्वर्ण व पैंतीस रजत पदकों समेत कुल 114 पदक भारत की झोली में डाले। जबकि 2023 के पैरा एशियन गेम्स में एक बड़े दल ने 108 मेडल ही जीते थे। इस बार के खिलाड़ियों का दल पिछले के मुकाबले छोटा था, मगर उपलब्धियां बड़ी रही। एक ओर जहां जापान में संपन्न एशियाई खेलों में भारतीय दल पांचवें स्थान पर रहा था, वहीं पैरा खिलाड़ियों की कामयाबी ने देश को एशिया में चौथे नंबर का विजेता बनाया है। आईची–नागोया में संपन्न खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने कई नए रिकॉर्ड बनाये और कई पुराने रिकॉर्ड तोड़े हैं। जापान में पहली बार आयोजित इन खेलों में एशिया के 45 देशों व क्षेत्रों के चार हजार खिलाड़ी व कोच आदि शामिल थे। इन खेलों का पहला संस्करण वर्ष 2010 में चीन के ग्वांगझू में आयोजित हुआ था। निश्चय ही भारतीय खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत, लगन व आत्मविश्वास से यह असामान्य कामयाबी हासिल की है। इन खिलाड़ियों की यह सफलता हर किसी भारतीय के लिये प्रेरणादायक है कि किसी भी तरह की शारीरिक अपूर्णता हमारे इरादों को कमजोर नहीं कर सकती है। हमें हर चुनौती में सकारात्मक रहते हुए अपने लक्ष्य हासिल करने चाहिए। हम बड़े सपने देख सकते हैं और कड़ी मेहनत व लगन से उन्हें हकीकत में बदल सकते हैं। आईची–नागोया में संपन्न पैरा एशियाड खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने हर क्षेत्र में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करवायी है। पैरा एथलेटिक्स खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। जिसमें कुल पैंसठ पदक जीते गए। इसके अलावा पदकों के अनुपात में यह कामयाबी बैडमिंटन, तैराकी और तीरंदाजी में रही। वहीं निशानेबाजी,टेबल–टेनिस, जूडो और पावरलिफ्टिंग में भी हमने पदक जीते। इन्हीं कामयाबियों से हम अब तक के पैरा एशियन गेम्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में कामयाब रहे। कल्पना की जा सकती है कि हमारे पैरा खिलाड़ियों ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिये कितनी मेहनत की होगी। एक तो विभिन्न किस्म की शारीरिक चुनौतियों व अपूर्णताओं से जूझना और फिर एशिया स्तर तक के मुकाबले के लिये योग्यता हासिल करना। कहावत है कि 'सुबह जिसकी हुई, वह सचमुच सारी रात नहीं सोया होगा।' कहने का अभिप्राय यह है कि जब किसी व्यक्ति को कोई सफलता मिलती है तो उसके पीछे उसका लंबा त्याग, संघर्ष और मेहनत शामिल होती है। खासकर उस समाज में जहां दिव्यांगों को हेय भाव से देखा जाता है। हमारा सामाजिक ढांचा अब तक ऐसा नहीं बन पाया है, जिसमें दिव्यांगों का जीवन सहज–सरल हो सके। हम उनके जीवन को सहज बना सकने वाली सुविधाएं, उन्हें अब तक उपलब्ध नहीं करा पाए। देश के हर छोटे–बड़े शहर में ऐसी खेल सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए, जहां पैरा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखार सकें। साथ ही सरकार को इन खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने के बजाय ऐसे अवसर उपलब्ध कराने चाहिए, जिससे उनका शेष जीवन सुखमय–सुविधामय हो सके।

खतरे में देश की सुरक्षा और विकास

डॉ. दीपक पाचपोर

मुख्यमंत्री का इस्तीफा, राष्ट्रपति शासन और फिर नए मुख्यमंत्री के आने के बावजूद कुकी और मैतेई समुदायों के बीच जो जातीय हिंसा शुरु हुई, वो किसी भी तरह रुकने का नाम नहीं ले रही है।

पिछले तीन सालों से मणिपुर में जारी हिंसा पर मोदी सरकार अब तक रोक नहीं लगा पाई है। मुख्यमंत्री का इस्तीफा, राष्ट्रपति शासन और फिर नए मुख्यमंत्री के आने के बावजूद कुकी और मैतेई समुदायों के बीच जो जातीय हिंसा शुरु हुई, वो किसी भी तरह रुकने का नाम नहीं ले रही है। अभी अक्टूबर महीने में ही कम से कम 14 लोगों की जान इस हिंसा में चली गई है। लेकिन पुलिस का कहना है कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी उपाय किए जा रहे हैं। मुमकिन है पुलिस अपनी हद में संभव सारे उपायों को आजमा भी रही हो, लेकिन जब तक सरकार नहीं चाहेगी, शांति कायम नहीं होगी, यह तथ्य है। राज्य और देश में पुलिस का नहीं भाजपा का शासन है, लिहाजा पहली जिम्मेदारी उसी की बनती है। मगर नरेन्द्र मोदी और अमित शाह ने पूर्वोत्तर राज्यों को उनके हाल पर छोड़ दिया है, यह लगातार नजर आ रहा है। मणिपुर के बाद अब अरुणाचल प्रदेश के हालात बिगड़ रहे हैं। एक तरफ चीन की तरफ से अतिक्रमण रुक नहीं रहा है और दूसरी तरफ सियांग बांध परियोजना के विरोध में स्थानीय लोग उतर आए हैं। देश के मीडिया का वह हिस्सा जो खुद को मुख्यधारा कहता है, उसका भी रवैया पूर्वोत्तर को लेकर सरकार से अलग नहीं है। यहां की खबरें उसके लिए तभी मायने रखती हैं, जब उनसे कुछ सनसनी फैलाने की गुंजाइश उसे नजर आए। वर्ना क्या कारण है कि अरुणाचल प्रदेश के लोग जब लगातार चीन की घुसपैठ को लेकर आवाज उठा रहे थे, यहां तक कह रहे थे कि कुछ दिन में हम चीनी कहलाएंगे, भारतीय नहीं, तब भी मीडिया में इन खबरों को प्रमुखता से दिखाकर सरकार से सवाल नहीं पूछे गए। किसी भाजपा प्रवक्ता को बिठाकर एंकर्स ने यह नहीं कहा कि जो ऐसे वीडियो आ रहे हैं, उन पर आपका क्या कहना है। पाकिस्तान ने कब, कहां से घुसपैठ की योजना बनाई, देश में कौन लोग हैं जो पाकिस्तान का प बोलते हैं, इन सब पर तो मीडिया खूब खबरें चलाता है और खबरें न हों तो किसी न किसी तरह बनवा लेता है। अभी छात्र आंदोलन या वोट चोरी के खिलाफ हो रहे आंदोलन में भी पाकिस्तानी मदद का षड्यंत्र इस तथाकथित मुख्यधारा के मीडिया ने पकड़ लिया है। लेकिन चीन किस तरह अरुणाचल प्रदेश पर अपना कब्जा बढ़ाता जा रहा है, यह अरुणाचल प्रदेश के लोग लगातार बता रहे हैं, वहां का मीडिया इस पर खबरें बना रहा है, मगर उन पर न दिल्ली में बैठे सेलिब्रिटी एंकर्स बात कर रहे हैं, न उनकी मालिक सरकार कुछ कह रही है। लेकिन सच बहुत वक्त तक छिपता नहीं है। हाल ही में आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया है कि अरुणाचल प्रदेश में चीन के साथ लगातार मुठभेड़ हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अब पारंपरिक तरीकों से चीन का मुकाबला करना संभव नहीं है। कायदे से इस भाषण के बाद रक्षा मंत्री, गृहमंत्री और प्रधानमंत्री तीनों को वस्तुस्थिति बतानी चाहिए थी। संसद सत्र में तो विपक्ष इस पर सवाल पूछेगा ही, लेकिन देश की सीमा पर क्या चीन से खतरा बढ़ा है, यह जानकारी देने के लिए सत्र का इंतजार नहीं किया जा सकता। मगर बजाए स्पष्टीकरण देने के सरकार ने इस भाषण को ही आईटीबीपी के हैंडल से हटवा दिया है। याद कीजिए जब राहुल गांधी ने लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की आत्मकथा श्फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनीश्य का जिक्र कर बताया था कि 31 अगस्त 2020 को लद्दाख के रेचिन ला पास पर चीनी सेना के चार टैंकों और सैनिक आगे बढ़ रहे थे, तो कार्रवाई के लिए जनरल नरवणे ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात की थी, तब उन्हें ऊपर यानी प्रधानमंत्री कार्यालय से यह निर्देश मिला था कि–श्जो उचित समझो, वो करोश्य। राहुल गांधी के इस खुलासे पर भाजपा फंस गई तो उसने फिर इस मुद्दे पर राहुल को बोलने ही नहीं दिया और न ही नरवणे की किताब को प्रकाशन की अनुमति मिली। मोदी सरकार का तरीका यही है कि न खुद सच बताओ, न किसी और को बताने दो। लेकिन सच फिर भी सामने आ जाए, तो उसे दबा दो। सच को दफ्न कर–कर के ही पिछले 12 सालों से मोदी सरकार चली जा रही है। लेकिन इसका खामियाजा अब उन राज्यों को ज्यादा भुगतना पड़ रहा है, जो पहले दिल्ली से भौगोलिक तौर पर दूर थे और अब भावनात्मक तौर पर भी अलग–थलग किए जा रहे हैं। इन राज्यों में भाजपा को सत्ता तो चाहिए, लेकिन केवल इसलिए ताकि यहां की प्रचुर प्राकृतिक संपदा का मनचाहा दोहन उसके चहेते उद्योगपति कर सकें। लद्दाख को भी जम्मू–कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया, वहां भी विशिष्ट खनिज पदार्थों की लूट का खतरा बढ़ा है। इधर अरुणाचल प्रदेश में स्थानीय लोगों को भरोसे में लिए बिना 11,200 मेगावाट की सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना शुरु की गई। शुरुआत से ही स्थानीय किसान संगठन और श्सियांग इंडिजिनस फार्मर्स फोरम्श इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस विशाल बांध के बनने से लगभग 27 से अधिक गांव और पुश्तैनी कृषि भूमि डूब क्षेत्र में आ सकते हैं, जिससे स्थानीय आबादी के बड़े पैमाने पर विस्थापित होने का डर है। वो सवाल उठा रहे हैं कि क्या इस आबादी का पुनर्वास कैसे होगा, क्या ये अपने ही घर में शरणार्थी बना दिए जाएंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि इस परियोजना की प्री–फीजिबिलिटी रिपोर्ट और सर्वेक्षण से पहले स्थानीय लोगों, पारंपरिक ग्राम परिषदों (केबांग) और प्रभावित परिवारों को भरोसे में नहीं लिया गया और उनकी सहमति के बिना जबरन सुरक्षा बल तैनात किए गए। जिससे विरोध और बढ़ गया है।

कौन राहुल कैसी जनता एक नवंबर को सब पता चल जाएगा!

शकील अख्तर

लग रहा है यह अंग्रेजों के टाइम में या किसी राजे महाराजे के राज में रैली हो रही है। ऐसा विरोध? जैसे कोई गैरकानूनी काम हो रहा हो! बीजेपी वाले सत्तर साल विपक्ष में रहे। खूब रैलियां करते रहे। जिस कांग्रेस सरकार के खिलाफ निकालते थे वह रैली स्थल पर पानी, सफाई, रोशनी, मेडिकल सबकी व्यवस्था करती थी। रैली करना लोकतांत्रिक अधिकार है। संविधान ने दिया है शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार। मौलिक अधिकारों में है यह। संविधान के अनुच्छेद 19 में साफ है कि सभा करना, इकट्ठे होना, भाषण देना मूल अधिकार हैं। इन्हें कोई सरकार तो छोड़िए, सुप्रीम कोर्ट या संसद भी रद्द नहीं कर सकते। यह संविधान के मूल ढांचे में आता है। केशवानंद भारती मामले में सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला है कि संसद इन्हें कानून बनाकर भी रद्द नहीं कर सकती। यह लोकतंत्र का मूल आधार है। संविधान का बेसिक स्ट्रक्चर। जिस पर पूरा संविधान खड़ा है। मगर मजाक देखिए! देश की सत्तारूढ़ पार्टी विपक्ष की एक नवंबर की रैली पर सवाल उठा रही है। रैली के नुकसान गिनाए जा रहे हैं। तारीख पर सवाल हो रहे हैं। बेसिक बात यह है कि रैली से ही प्राब्लम है। रैली क्यों हो रही है? देश में सब कुछ अच्छा चल रहा है। लोगों को खूब सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। व्यापारियों की खूब दुकानें चल रही हैं। सब सुख चौन में हैं। चीन अरुणाचल में घुस रहा है। आईटीबीपी के डीजी शत्रुजीत सिंह कुछ कह रहे थे कि चीन इतने अंदर घुस आया है। रोज झड़पें हो रही हैं। तो उन्हें चुप करवा दिया। बात खत्म हो गई। मणिपुर में साढ़े तीन साल हो गए। बाकायदा गृह युद्ध में झांक दिया है उसको। रोज लोग मर रहे हैं। लेकिन कहीं उसकी बात नहीं। बस सारी चिंता यह है कि एक नवंबर को विपक्ष की यह रैली क्यों हो रही है? यह डर बड़ा है। पहली बार है जब सरकार डरी हुई दिख रही है। नहीं तो अभी तक तो यह कहती थी कि जनता डरी हुई रहे यह अच्छी बात है। खुद प्रधानमंत्री मोदी के शब्द थे यह डर अच्छा है! समय का चक्र देखिए अब यह सरकार डर रही है। जनता से उसके शांतिपूर्ण प्रदर्शन से। और उस मुख्य मुद्दे से जो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को मिल गया है वोट चोरी। वोट चोरी अब जनता का मुद्दा बन गया है। राहुल एक साल से ज्यादा समय से इस सवाल को लगातार उठा रहे हैं। बताया तो उन्होंने पहले भी था। कहा था वाराणसी सहित सौ से ज्यादा सीटें मोदी वोट चोरी से जीते हैं। और बावजूद इसके 2024 के लोकसभा चुनाव में वे स्पष्ट बहुमत नहीं पा पाए। जनता की समझ में आने लगा था कि अगर चुनाव फ्री एंड फेयर हो जाते तो मोदी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते थे। इसी बात को अब राहुल ने स्थापित कर दिया। वोट चोरी इस समय देश का सबसे बड़ा मुद्दा बन गया और इसी के खिलाफ एक नवंबर की रामलीला मैदान की रैली ऐतिहासिक होने जा रही है। मोदी सरकार इसी से घबराई हुई है। सबसे पहले तो उन्होंने तारीख पर ही बात करना शुरू करवाई। भक्त और गोदी मीडिया अचानक चिल्लाने लगे कि एक नवबंर को ही क्यों? चलिए भक्तों और गोदी मीडिया को तो लोग अब एक ही समझते हैं और उनकी बातों का तो मजा लेते हैं, ध्यान देना बंद कर दिया है। मगर पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद जो वकील भी हैं वे भी आ गए। एक नवंबर पर सवाल उठाने। उन्हें कोई बताए कि हर तारीख के साथ कोई घटना या दुर्घटना जुड़ी हो सकती है। वे जब अदालत में कोई मामला पेश करते हैं तो देखते हैं कि इस तारीख को कर रहे हैं और इस तारीख को पहले क्या–क्या हुआ था? तारीखों की कहानी बनाना और उसमें जनता को उलझाए रखने में इन्हें महारत हासिल है। अंधविश्वास फैलाकर ही यह जनता को कूपमंडूक बनाए रखते हैं। पता नहीं क्या क्या चलाते थे। 13 तारीख और वाजपेयी। वाजपेयी इन्हीं के बीच के थे। मगर पढ़े–लिखे लोगों की संगत से डरते नहीं थे। इसीलिए जसवंत सिंह, ब्रजेश मिश्रा, यशवंत सिन्हा, अरुण शौरी को अपने साथ लाए। और जब मूड में होते थे तो कहते थे कि कोई सोचे कि हमें उसने बनाया है तो गलत। हमें 13 तारीख ने बनाया है। और फिर हो हो हो! जोरदार हंसी। खासतौर से जब मुख और मुखौटा कहा था तब पहले तो बहुत आहत हुए थे। मगर बाद में अपने स्वभाव के अनुसार मजाक करने लगे थे कि बताओ किस तारीख में मुख थे किस में मुखौटा बने? बीजेपी में वाजपेयी का दौर बीत गया। अब तो खुद प्रधानमंत्री ऐसी अवैज्ञानिक बातों के जनक बन गए हैं। एक–दो नहीं कई हैं। बादलों में जहाज ले जाओ रडार नहीं पकड़ पाएगा से लेकर मैं नान बायलोजिकल हूं तक कई बातें खुद उनके श्रीमुख से निकली हैं। देश अंधविश्वास की जकड़ में ऐसे ही आता है। इसी को और मजबूत करने के लिए एक नवंबर की कहानी शुरू की गई है कि उस दिन सिखों पर हमला हुआ था। मतलब खुद ही उन हमलों के मामले को कमजोर कर रहे हैं कि एक नवंबर नहीं होता तो हिंसा नहीं होती। मजेदार बात यह है कि इनके पास खबर है कि विपक्ष के नेता तारीख बदलने की मांग कर रहे हैं। मगर राहुल अड़े हैं। मुख्य निशाना तो राहुल ही हैं। लेकिन खैर! एक भी नेता का नाम नहीं बता पाए जिसने तारीख बदलने के लिए कहा हो। लेकिन जब देखा कि यह मामला नहीं चला तो तारीख वहीं रहने दी मगर कहने लगे कि व्यापार को नुकसान हो जाएगा। कोई बड़ा उद्योग और व्यापारिक संगठन यह कहने को आगे नहीं आया तो एक कागजी संगठन से राहुल को पत्र लिखवा दिया कि एक नवंबर की रैली से व्यापार को नुकसान हो जाएगा। लेकिन व्यापार के जानकार लोग ही कहने लगे कि बाजार का तो सिद्धांत है



फुट फाल। मतलब जितने ज्यादा लोग आएंगे उतनी ही बिक्री बढ़ेगी। लोगों का आना व्यापार का बढ़ना। इस समय पूरे देश के बाजारों में मंदी है। ग्राहक कहीं है ही नहीं। मगर बाजार विशेषज्ञ कहते हैं कि जब लाखों लोग रैली में शामिल होने दिल्ली आएंगे तो कुछ न कुछ खरीद कर लेकर जाएंगे। बाजार में तेजी आएगी। मगर इन सबसे भक्त, गोदी मीडिया, भाजपा, सरकार किसी को कई मतलब नहीं। उन्हें मतलब केवल राहुल गांधी से है। तारीख का सवाल भी राहुल से था। और एक नकली व्यापार संगठन से भी। राहुल को ही पत्र लिखवाया गया है। डर राहुल से ही है। प्रधानमंत्री मोदी की भाषा में यह कहा जा सकता है कि यह डर अच्छा है! क्योंकि अगर इसी डर की वजह से प्रधानमंत्री मोदी जनता की तरफ ध्यान देने लगें तो अच्छी बात है। वोट चोरी आज देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा है। अगर जनता का वोट ही चोरी हो गया तो उसके पास बचा क्या? यही एक चीज ऐसी है जिसकी वजह से उसकी पूछ होती है। अगर उसके वोट का ही मतलब नहीं रहा तो उसे कौन पूछेगा? कौन राहुल कि तरह कौन मतदाता पूछा जाएगा। राहुल को तो आज पहचान गए हैं। राहुल ने सारी बाजी उलट कर रख दी है। और अब जनता भी उसी की तैयारी में है। एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में पता चल जाएगा कि कौन वोटर? कौन जनता? सब वहां होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)

विश्व सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा विपक्ष के नेता का उपहास करना हास्यास्पद

डॉ. ज्ञान पाठक

प्रधानमंत्री को विपक्ष के नेता की जोरदार आलोचना करने का अधिकार है, लेकिन पद की गरिमा कड़ी राजनीतिक आलोचना और व्यक्तिगत उपहास के बीच अंतर की मांग करती है। फिर भी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 अक्टूबर 2026 को एनडीटीवी द्वारा आयोजित एक विश्व सम्मेलन में अपने प्रतिद्वंद्वी लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का उपहास किया, जहां दर्शक मुख्य रूप से भारत की वैश्विक स्थिति में रुचि रखते थे और एक सामान्य भारतीय चुनावी रैली में भाग नहीं ले रहे थे। स्पष्ट रूप से, प्रधानमंत्री मोदी ने राजनेता के रूप में चूक की, जब उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को श्असफल उत्पादश कहकर व्यक्तिगत उपहास किया, अव्यवस्था का सपना देखने का आरोप लगाया, अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल कांग्रेस को श्पराजीवीश कहा और कहा कि उस पर दिमागी नक्सलियों का प्रभुत्व है, जो भारत को बदनाम करने और नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने और भी बहुत कुछ कहा जिसे उनके पद की गरिमा और अवसर के आधार पर अनुचित कहा जायेगा। यह आश्चर्य की बात थी कि एक विश्व सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने प्रतिद्वंद्वी नेता और राजनीतिक दल की आलोचना करते हुए सत्तारूढ़ भाजपा के नेता के रूप में बात की और ऐसा लगा कि वह भूल गए थे कि वह भारत की सरकार के चुने हुए प्रमुख हैं और उन दर्शकों के सामने बोल रहे थे जो उन मुद्दों में रुचि रखते थे जिनका दुनिया आज सामना कर रही है, न कि भारत के अन्दर की उस राजनीति में जो घटिया स्तर की मानी जाती है। किसी देश की प्रतिष्ठा के लिए खासकर विश्व सम्मेलन में प्रधानमंत्री की भाषा मायने रखती है। किसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को श्विफल उत्पादश कहना उसके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लक्षित एक प्रभावी राजनीतिक कटाक्ष हो सकता है, लेकिन यह नेतृत्व, नीति और लोकतांत्रिक जवाबदेही के बारे में बहस को उपहास के रूप में बहुत ही छोटा कर देता है। मोदी तर्क देते रहे हैं कि कांग्रेस वैश्विक दर्शकों के सामने विदेशों में भारत की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाती रही है। फिर भी, वह स्वयं वैश्विक दर्शकों के सामने अपने प्रतिद्वंद्वी की छवि खराब कर रहे थे, केवल इसलिए क्योंकि उनके प्रतिद्वंद्वी राहुल गांधी उनकी सरकार के खिलाफ निर्मम आलोचना कर रहे हैं जो उनके लिए बहुत शर्मनाक है, जैसे कि चुनाव जीतने के लिए वोट की चोरी। लेकिन लोकतंत्र में किसी सरकार की आलोचना स्वतरू ही देश की आलोचना नहीं होती। प्रधानमंत्री के पास एक बड़ा सार्वजनिक मंच और एक सामान्य सत्तारूढ़ पार्टी के प्रवक्ता की तुलना में अधिक संस्थागत अधिकार होता है। यह एक उचित उम्मीद पैदा करता है कि वह राजनीतिक विरोधियों को किसी विश्व सम्मेलन में नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय सभा में ही दांव पर लगे मुद्दों के महत्व के प्रश्नों पर अनुपातिक तर्कों के साथ जवाब दें न कि किसी भी उल–जुलूल उपहास के शब्दों से। राहुल गांधी भी विशेष रूप से 2024 के बाद से आक्रामक रहे हैं और आरोप लगाते रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के साथ मिले हुए हैं और वोट चोरी से चुनाव जीत रहे हैं। 2 अक्टूबर 2026 से, राहुल गांधी ने सरकार के प्रति अपना विरोध तेज कर दिया है और सीईसी ज्ञानेश कुमार को हटाने और 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने वाले एसआईआर को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। इसी पृष्ठभूमि में, प्रधानमंत्री मोदी ने बदलती विश्व व्यवस्था को समर्पित एक विश्व सम्मेलन में राहुल गांधी और कांग्रेस का मजाक उड़ाते हुए उन्हें भारत का दुश्मन बताया है। प्रधानमंत्री द्वारा अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी विपक्ष के नेता का उपहास भारत की राजनीतिक परिपक्वता को प्रदर्शित नहीं करता है, और इसलिए उन्होंने खुद को हास्यास्पद बना लिया। अंततः, एक प्रधानमंत्री का कद इस बात से नहीं मापा जाता है कि वह अपने प्रतिद्वंद्वी का कितने प्रभावी ढंग से उपहास करता है, बल्कि इससे मापा जाता है कि वह अपने पद की गरिमा के प्रति सचेत रहते हुए उस प्रतिद्वंद्वी के तर्कों और प्रश्नों का कितनी दृढ़ता और सटीकता से जवाब देता है। अपनी आलोचना में प्रधानमंत्री मोदी आम तौर पर अपनी सरकार के रिकॉर्ड का बचाव करते हैं, कांग्रेस की विश्वसनीयता को चुनौती देते हैं, भाजपा को राष्ट्रीय विकास, स्थिरता और हिंदू सांस्कृतिक पहचान की पार्टी के रूप में पेश करते हैं। वह और उनकी पार्टी राहुल गांधी का उपहास भी उड़ाते रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी के सवालों का जवाब देने से बचते रहे हैं जबकि विपक्ष के नेता लगातार सवाल उठाते रहे हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि राहुल गांधी ने अपनी आलोचनाओं में अक्सर ऐसे मुद्दे उठाए हैं जो प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के लिए काफी शर्मिंदगी का कारण बने हैं। वे आमतौर पर सरकार के कामकाज की समीक्षा करते हैं, आर्थिक लाभों के वितरण पर सवाल उठाते हैं, और भाजपा के सांप्रदायिक एजंडे, संवैधानिक सुरक्षा उपायों, सामाजिक असमानता और संस्थागत जवाबदेही जैसे मुद्दों को उजागर करते हैं। विपक्ष के नेता के रूप में, वे सरकार के कामकाज के रिकॉर्ड को चुनौती देते हैं और जवाबदेही की मांग करते हैं। राहुल गांधी, मोदी के शासन, सत्ता के केंद्रीकरण, आर्थिक असमानता और भाजपा के राजनीतिक दृष्टिकोण पर सवाल उठाते हैं। वे मोदी सरकार द्वारा संवैधानिक प्रावधानों के उल्लंघन पर सवाल उठाते हैं और कहते हैं कि भारत के चुनाव आयोग सहित हर संवैधानिक संस्था को कमजोर किया गया है। देश की संपत्ति कुछ ही हाथों में सिमटती जा रही है, और लोग बढ़ती असमानता तथा बड़े पैमाने पर बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। वे किसानों और मजदूरों से जुड़े मुद्दे भी उठाते हैं। वे अक्सर अपनी आलोचना को संवैधानिक बहुलवाद, अल्पसंख्यकों के अधिकारों और सरकार तथा राष्ट्र के बीच के अंतर से जोड़ते हैं। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री मोदी अक्सर राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देने से बचते हैं।

चयन आयोग ने टीजीटी के 17,735 पदों में आरक्षण को लेकर फैलाये जा रहे दुष्प्रचार को बताया निराधार

एडेड विद्यालयों में एकल इकाई के रूप में मान्य विद्यालय स्तर पर ही लागू होते हैं आरक्षण के विहित नियम
सोशल मीडिया पर चल रहे भ्रामक प्रचार से सचेत रहें अभ्यर्थी
विज्ञापन संख्या 01/2022 एवं 02/2022 की भांति पूर्ण पारदर्शिता व शुचिता के साथ जारी हुआ है विज्ञापन-डा प्रशांत कुमार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों (एडेड) में सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक –टीजीटी) के 17,735 पदों पर निकाली गई भर्ती के संबंध में सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों और भ्रामक दुष्प्रचार का आयोग ने कड़ा संज्ञान लिया है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने आज स्पष्ट किया है कि विज्ञापित पदों पर आरक्षण व्यवस्था शासन के स्थापित नियमों और विहित व्यवस्था के अनुरूप पूर्णतः पारदर्शी तरीके से लागू की गई है। कतिपय अवांछित तत्वों एवं संस्थाओं द्वारा सोशल मीडिया व विभिन्न मंचों पर आरक्षण को लेकर किया जा रहा दुष्प्रचार तथ्यहीन और भ्रामक है।

चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के जनपदों में संचालित विभिन्न अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों से विद्यालयवार, विषयवार तथा श्रेणीवार ध आरक्षणवार रिक्त पदों को चिन्हित एवं संकलित कराकर आयोग को अधियाचन उपलब्ध ा कराया गया था। उत्तर प्रदेश में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय एकल इकाई के रूप में मान्य हैं और संबंधित विद्यालय का प्रबंध तंत्र ही नियुक्ति प्राधिकारी होता है। अतः विद्यालय के एकल इकाई होने के कारण प्रत्येक विद्यालय में स्वीकृत पदों की संख्या के आधार पर ही आरक्षण के प्रचलित नियमों के तहत विद्यालयवार पदों का श्रेणीवार निर्धारण किया जाता है। यह आरक्षण पूरे प्रदेश या निदेशालय स्तर पर कुल पदों की समेकित संख्या पर लागू नहीं होता है। इसी नियमावली एवं वैधानिक व्यवस्था के तहत पूर्व में भी विज्ञापन संख्या–01/2022 तथा 02/2022 की भर्ती प्रक्रिया विगत माहों में आयोग द्वारा शासन की मंशानुरूप पूर्ण शुचिता, निष्पक्षता और विहित प्राविधानों के अंतर्गत संपन्न कराई गई है।

चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि इस संबंध में शासन द्वारा भी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल श्म–ळलंद ळंदहं–न्च्श पर तथ्यात्मक वस्तुस्थिति स्पष्ट कर दी गई है। उन्होंने प्रदेश भर के शिक्षक अभ्यर्थियों एवं सर्वसाधारण से अपील की है कि वे सोशल मीडिया अथवा किसी भी अनधिकृत स्रोत से प्रसारित की जा रही भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों पर तनिक भी विश्वास न करें और ना ही ऐसी निराधार पोस्ट को आगे साझाध्अग्रसारित करें। भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी अधिकृत एवं प्रामाणिक जानकारी के लिए केवल आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करें।



अल्पसंख्यक कोटे से डीएलएड में प्रवेश लेने वालों की स्वीकृति डायट से कराये : सचिव

प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों का विवरण वेबसाइट पर करें अपलोड
कहा कि प्रवेश की सूची को कालेज की लागिन से 12 नवंबर तक करना है अपलोड
डायट ने प्रवेश को स्वीकृति नहीं दी तो अभ्यर्थी का प्रवेश मान्य नहीं होगा : राजेन्द्र प्रताप

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज. डीएलएड प्रशिक्षण प्रवेशध चयन प्रक्रिया के तहत



अल्पसंख्यक संस्थान 50 प्रतिशत सीटों पर अल्पसंख्यक कोटे के तहत प्रवेश ले सकते हैं। इसका विवरण उन्हें आनलाइन फीड करना है। डीएलएड में लिए गए प्रवेश की स्वीकृति संस्थानों को डायट से करानी अनिवार्य है। सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ प्र प्रयागराज (पीएनपी) के सचिव राजेंद्र प्रताप ने आज सभी कालेजों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों का विवरण वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्नचकमसमक.हवअ.पद पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। प्रवेश की सूची को कालेज की लागिन से 12 नवंबर तक अपलोड करना है। उसके बाद सभी जिलों के डायट अल्पसंख्यक कालेजों की ओर से जारी चयनित अभ्यर्थियों की सूची के अभ्यर्थियों के अभिलेखों का मिलान करते हुए प्रवेश को आनलाइन स्वीकृत करेंगे। इसके लिए 28 अक्टूबर से 14 नवंबर तक का समय दिया गया है। सचिव राजेंद्र प्रताप ने कहा कि यदि डायट ने अल्प संख्यक कोटे के तहत लिए गए प्रवेश को स्वीकृति नहीं दी तो अभ्यर्थी का प्रवेश मान्य नहीं होगा। पीएनपी सचिव राजेन्द्र प्रताप ने बताया कि डीएलएड की कुल सीट 239500 है। प्रदेश में 67 डायट है जिसमें 10500 सीटें है जबकि निजी क्षेत्र में कुल कालेजों की संख्या 3103 और अल्पसंख्यक संस्थान 253 है।

पर्यावरणीय न्याय,विधि विद्यार्थियों की भूमिका पर विशेष व्याख्यान आयोजित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज में मंगलवार को विधिक सहायता एवं सेवा केंद्र और विधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरणीय न्याय एवं विधि विद्यार्थियों की भूमिका पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। पटना विश्वविद्यालय के प्रो. (डॉ.) वाणी भूषण ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार गरिमापूर्ण जीवन का अभिन्न अंग है। उन्होंने विधि विद्यार्थियों से समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। विधि विभाग के संयोजक प्रो. शिव शंकर सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों का अनियंत्रित दोहन गंभीर विधिक एवं सामाजिक चुनौतियां हैं। उन्होंने विधि विद्यार्थियों से अपने ज्ञान को जनसमस्याओं से जोड़ने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विधि विभाग के शिक्षक, विधिक सहायता केंद्र के सदस्य और एलएलबी, बीएएलएलबी एवं एलएलएम के विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन सौरभ यादव ने किया।



लोकतंत्र की आवाज और बुलंद हुई : शेखर बहुगुणा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बरी होने पर कांग्रेसियों में हर्ष

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सोरांव के हरिसेनगंज में सुल्तानपुर की एमपी – एमएलए कोर्ट द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी को मानहानि मामले में आठ साल बाद बरी किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। इस फैसले का स्वागत करते हुए कांग्रेस के राजनैतिक सलाहकार सदस्य शेखर बहुगुणा ने आज कहा कि न्यायालय का निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्यायिक प्रक्रिया के महत्व को रेखांकित करता है।



वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री बहुगुणा ने कहा कि राहुल गांधी लगातार संविधान, लोकतंत्र और आम नागरिकों के अधिकारों से जुड़े मुद्दे उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में हर नागरिक के मताधिकार की रक्षा और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। कांग्रेस गंगापार जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में आए इस निर्णय का सम्मान किया जाना चाहिए और लोकतंत्र में जनता की आवाज को मजबूती मिलनी चाहिए। श्री अहमद ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी संविधान, लोकतंत्र और आम जनता के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लगातार उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर 2026 को होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस गंगापार का एक–एक कार्यकर्ता से भाग लेकर जननायक राहुल गांधी के हांथों को मजबूत करने की अपील की।विशेष आमंत्रित सदस्य शरद उपाध्याय मुन्ना ने कहा कि "लोकतंत्र में हर नागरिक के वोट का सम्मान और उसकी आवाज की अहमियत बनी रहनी चाहिए।वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा.जगत नारायण सिंह ने कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए हम शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से अपनी बात जनता तक पहुंचाते रहेंगे। फाफामऊ विधानसभा प्रभारी मंजू मौर्या ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सांसद राहुल गांधी की यह जीत न्याय, सत्य और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता के लिए उत्साहवर्धक है। प्रभारी श्रीमती मंजू मौर्या ने कहा कि कांग्रेस का संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं,बल्कि संविधान,जनता के अधिकारों और लोकतंत्र की मजबूती के लिए है। महिला जिलाध्यक्ष खुशनवेदा फारुकी ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों,महंगाई,बेरोजगारी और लोकतांत्रिक संस्थाओं से जुड़े सवालों को लेकर कांग्रेस जनता की आवाज बुलंद करती रहेगी।कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सरोज एंव अध्यक्षता देवराज उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वाररुम प्रभारी सददाम हुसैन सिददीकी, समशुल कमर, ब्लाक अध्यक्ष मो.फारुक, मो.शमीम, पंचू पासी, प्रदीप पाण्डेय, संजय सरोज, विनोद विश्वकर्मा, अंसार अली सोनू, शकील अहमद, रमेश मौर्या, कुमार गौरव मौर्या, मो. रशीद,इमरान अहमद,दिलीप पाल, वरिष्ठ मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

अभियान : अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई तेज, तीन ट्रैक्टरों जब्त

प्रशासन की नजर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। बारा तहसील क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। परवेजाबाद में बालू लदे तीन ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की गई, जबकि लालापुर थाना क्षेत्र के मनकामेश्वर रोड पर बालू लदे एक अन्य ट्रैक्टर को पकड़ा गया। अलग–अलग स्थानों पर हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में बालू परिवहन को लेकर प्रशासन की सक्रियता सामने आई है।

जानकारी के अनुसार, परवेजाबाद में बालू लदे तीन ट्रैक्टरों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान बारा थाना प्रभारी संजय राय मौके पर मौजूद रहे। वहीं, मनकामेश्वर रोड पर बालू लादकर ले जाए जाने की सूचना मिलने पर एसडीएम बारा अर्पित कुमार, खनन इंस्पेक्टर वैभव सोनी और लालापुर थाना प्रभारी बृजेश सिंह मौके पर पहुंचे। संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को कब्जे में लिया और आगे की विधिक प्रक्रिया शुरू की।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची टीम

खनन इंस्पेक्टर वैभव सोनी से बातचीत में बताया गया कि



बालू लादकर ले जा रहे ट्रैक्टरों की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन और खनिजों के नियम विरुद्ध परिवहन के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

अवैध बालू परिवहन पर प्रशासन की नजर बारा क्षेत्र में अलग–अलग स्थानों पर हुई कार्रवाई के बाद अवैध बालू परिवहन का मामला चर्चा में है। प्रशासन और खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई का उद्देश्य नियमों का उल्लंघन कर खनिजों का परिवहन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करना है।

अब देखना होगा कि इस अभियान के जरिए क्षेत्र में अवैध बालू परिवहन पर कितना प्रभावी अंकुश लग पाता है। नियमित निगरानी और लगातार कार्रवाई से ही नियमों का पालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

अजुहा रामलीला.... फुलवारी लीला में भगवान राम ने जानकी को पहली बार देखा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी । नगर पंचायत अजुहा में रामलीला के दूसरे दिन मंगलवार को मुनि आगमन, ताड़का वध, फुलवारी लीला का मंचन किया गया। मुनि विश्वामित्र की आज्ञा लेकर भगवान राम व लक्ष्मण मिथला नगर में भ्रमण करने निकले अटारियों पर बैठी अष्ट सखियां उनके रूप को निहार कर उनके मनोहर रूप की शोभा का एक दूसरे से बखान करती हुई कहती हैं की इन दोनों राजकुमारों का सौंदर्य करोड़ कामदेव को प्राप्त करने वाला है। श्री राम व लक्ष्मण नगर भ्रमण के उपरांत वाटिका के द्वार पर पहुंच कर गुरुजी के पूजा के लिए पुष्प चुनने लगते हैं। उधर जानकी अपनी सखियों के साथ माता सुनैना से आज्ञा लेकर गौरी पूजन के लिए जाती हैं। वहां जानकी को दूर से देख कर लक्ष्मण अपने भ्राता श्री राम को बताते हैं, की यही जनक नंदनी जानकी हैं।जिनके निमित्त ही धनुष यज्ञ होगा।यह सखियों के साथ गौरी पूजन हेतु वाटिका में आई है। तब भगवान श्री राम कहते हैं, जानकी की अलौकिक शोभा देखकर स्वभाव से पवित्र मेरा मन क्षुमित हो रहा है। एवं मेरे मंगल सूचक दाहिने अंग फड़क रहे हैं। जानकी जी श्री राम के दर्शन कर नेत्र बंद कर लेती हैं, तत्पश्चात सखियों के कहने पर पूरे नेत्र खोलने पर संकोच के साथ प्रभु राम के स्वरूप को निहारती हैं।

आवास निर्माण न होने पर शिकायत, ग्राम प्रधान पर धमकी देने का आरोप

प्रातःकाल एक्सप्रेस

करछना, प्रयागराज। करछना थाना क्षेत्र के देवरी खुर्द रीवा महोरी गांव निवासी एक व्यक्ति ने सरकारी आवास निर्माण में देरी को लेकर शिकायत की है। पीड़ित ने ग्राम प्रधान पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना करछना में प्रार्थना–पत्र देकर मामले की जांच कराने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी जगत बहादुर पटेल उर्फ मुन्ना पुत्र रामसेवक का कहना है कि उनकी पत्नी सरोजा देवी के नाम वर्ष 2022–23 में आवास स्वीकृत हुआ था, लेकिन अब तक निर्माण नहीं हो सका है। इस संबंध में उन्होंने करछना ब्लॉक, तहसील और जिला स्तर पर शिकायत किए जाने की बात कही है। पीड़ित ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि शिकायत के बाद ग्राम प्रधान राज कुमार पटेल ने उनसे शिकायत बंद करने को कहा और ऐसा न करने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। पीड़ित ने इस कथित घटना को लेकर अपनी और परिवार की सुरक्षा के संबंध में चिंता जताई है। जगत बहादुर पटेल ने 27 अक्टूबर को थाना करछना में तहरीर देकर मामले की जांच और नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस की जांच अथवा इस मामले में ग्राम प्रधान का पक्ष सामने आने के बाद ही स्थिति अधिक स्पष्ट हो सकेगी।

प्रयागराज में 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के तहत संत–अधिवक्ता संवाद आयोजित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। गोहत्या पूर्णतः बंद कराने तथा गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर संचालित राष्ट्रव्यापी 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के अंतर्गत होटल मिलेनियम इन, प्रयागराज में संत–अधिवक्ता संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूज्य संतों, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं, न्यायिक जगत के गणमान्य व्यक्तियों एवं गौसेवकों ने सहभागिता की।



आयोजकों के अनुसार, अभियान के तहत अब तक 20 करोड़ से अधिक हस्ताक्षर एकत्र किए जा चुके हैं और अब 51 करोड़ हस्ताक्षरों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान की प्रमुख मांगों में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध हेतु प्रभावी केंद्रीय कानून, गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना तथा गोचर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराना शामिल है। अभियान के तीसरे चरण के अंतर्गत 14 दिसंबर 2026 को लखनऊ में राज्यस्तरीय ज्ञापन कार्यक्रम प्रस्तावित है। आयोजकों ने जनसामान्य से अभियान से जुड़ने और व्यापक जनजागरण में सहयोग करने की अपील की। नागरिक ूहंनेंउउंद.बसवनक पर 'वोट फॉर गौ माता' पहल के माध्यम से डिजिटल हस्ताक्षर कर सकते हैं। यह जन सहभागिता की पहल है, न कि आधिकारिक मतदान। यह सूचना प्रसिद्ध कवि–चित्रकार रवीन्द्र कुशवाहा ने मीडिया को दी।

कार्यक्रम में परम पूज्य अच्युतानंद सरस्वती महाराज, परम पूज्य गोपेश बाबा महाराज, न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव, इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सी. पी.उपाध्याय, महासचिव संतोष मिश्रा, कोषाध्यक्ष मुकुल पांडेय तथा पूर्व जिला बार अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

समाजवादी पार्टी महिला सभा रानीगंज की विधानसभा अध्यक्ष बनीं शिव कुमारी, क्षेत्र में जश्न का माहौल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर और जिलाध्यक्ष महिला सभा शान्ति सिंह (पूर्व ब्लाक प्रमुख,) द्वारा एक अहम नियुक्ति की गई है। आपकों बताते चलें कि ग्राम जददूपुर, पोस्ट छितपालगढ, थाना देल्हूपुर, तहसील रानीगंज निवासी शिवकुमारी यादव पत्नी रणविजय सिंह यादव को रानीगंज विधानसभा का समाजवादी



पार्टी महिला विधान सभा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नियुक्ति पत्र जारी करते हुए जिलाध्यक्ष शान्ति सिंह ने कहा कि शिवकुमारी यादव एक जुझारू और कर्मठ शील समाजसेवी हैं। हमें आशा है कि वे समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाएंगी और रानीगंज में महिला संगठन को और अधिक बल एवं गतिशीलता प्रदान करेंगी। नियुक्ति की खबर मिलते ही जददूपुर, छितपालगढ़ और विधानसभा रानीगंज क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने कहा कि शिव कुमारी यादव अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा की मौजूदा समय में जिला अध्यक्ष भी हैं। इतनी बड़ी जिम्मेदारी देना समाजवादी पार्टी के महिला सशक्तिकरण का सच्चा उदाहरण है। शिवकुमारी यादव ने नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि मैं पूरी निष्ठा से संगठन के लिए काम करूंगी और 2027 के मिशन के लिए महिलाओं को जोड़ने का प्रयास करूंगी। इस मौके पर जिला महासचिव पूर्व विधायक रामशिरोमणि शुक्ला, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शकील अहमद, सपा नेता आशुतोष पांडे, एडवोकेट राजेंद्र कुमार यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख संतोष यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद दुबे, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शेर बहादुर यादव आदि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करने वाली सरकार बताए कितने किसानों की आय बढ़ी : राकेश टिकैत

असोथर गल्ला मंडी में किसान महापंचायत, राष्ट्रीय प्रवक्ता का किसानों ने किया जगह - जगह स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर,फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का जनपद पहुंचने पर किसानों ने स्वागत किया। इसके बाद असोथर नगर पंचायत की गल्ला मंडी में आयोजित किसान महापंचायत में उन्होंने किसानों की समस्याओं, उनकी आय और अधिकारों को लेकर अपनी बात रखी। महापंचायत में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। महिला किसानों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। सभा में पहुंचे किसानों ने हरे गमछे और टोपी पहनकर किसान एकजुटता का संदेश दिया।

महापंचायत को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए राकेश टिकैत ने किसानों की आय दोगुनी करने के मुद्दे पर सरकार से सवाल किया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने का दावा किया जाता है, लेकिन सरकार को यह बताना चाहिए कि वास्तव में कितने किसानों की आय बढ़ी है। किसानों की आर्थिक स्थिति और



उनकी समस्याओं पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार हैं। इसके बावजूद उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य, खेती की लागत और अन्य समस्याओं को लेकर संघर्ष करना पड़ता है। टिकैत ने कहा कि उनका परिवार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध रहा है और किसानों को उनका हक दिलाने तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे आपसी मतभेदों को दूर कर एकजुट रहें और अपने संगठन को मजबूत बनाएं। उनके मुताबिक, किसानों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ ही अपनी समस्याओं को संगठित तरीके से उठाना चाहिए, ताकि उनकी आवाज प्रभावी ढंग से संबंधित अधिकारियों और सरकार तक पहुंच सके। उन्होंने असोथर में किसानों की बड़ी भागीदारी पर संतोष जताया। साथ ही भारतीय किसान यूनियन के असोथर ब्लॉक अध्यक्ष दीपू मिश्रा के संगठनात्मक प्रयासों की सराहना की। टिकैत ने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसान अब अपने अधिकारों और समस्याओं को लेकर जागरूक हो रहे हैं। किसान संगठन की मजबूती और किसानों की एकजुटता से ही उनके मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाया जा सकता है।

महापंचायत में राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव रनमन सिंह, जिला अध्यक्ष नवल पटेल, युवा जिलाध्यक्ष एडवोकेट विवेक सिंह और ब्लॉक अध्यक्ष दीपू मिश्रा ने भी किसानों को संबोधित किया। वक्ताओं ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में किसान नेता रविदेव सिंह, सोनू सिंह गौतम, जयदेव सिंह, अनुज सिंह, महासचिव उदयराज सिंह, आशीष कुमार, हृदयनाथ सिंह, रनमन सिंह, विवेक सिंह, दिनेश शुक्ला, सर्वेश सिंह, फूल सिंह चौधरी, मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रमोद साहू, अनिल सिंह, कंचन सिंह, नरसिंह पटेल, अशोक कटियार, राजबहादुर पटेल, रजत सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष असोथर दीपू मिश्रा, ब्लॉक महामंत्री नीरज मौर्य, ब्लॉक संगठन मंत्री धीरज साहू, ब्लॉक सचिव संदीप मौर्य, ब्लॉक उपाध्यक्ष नरेंद्र पासवान, उप सचिव पंकज मौर्य, मीडिया प्रभारी आदर्श सिंह चौहान, रजत मिश्रा, रामकिंकर अवस्थी, रविदेव सिंह, सराय ग्राम अध्यक्ष हरिओम मौर्य, कठौता, सरकंडी एवं जरौली घरवासीपुर के ग्राम अध्यक्षगण और रमाकांत मौर्य समेत अन्य किसान नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। असोथर की गल्ला मंडी में आयोजित इस महापंचायत में किसानों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। सभा के दौरान किसान नेताओं ने संगठन को मजबूत करने और किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाते रहने की बात कही।

डीएम ने लापरवाही पर दो अधिकारियों का वेतन रोकने के दिए निर्देश

डीएम ने विकास कार्यो की समीक्षा कर योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में विकास कार्यों और सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। निर्माण कार्य में मिली कमियों को दूर न करने पर वक्फ विकास निगम के जेई और जल



निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। डीएम ने अधिकारियों को सरकारी योजनाओं के आवेदनों का समय से निस्तारण करने और सीएम डैशबोर्ड पर सही आंकड़े फीड कराने को कहा। उन्होंने फैमिली आईडी बनाने में तेजी लाने और जिन विभागों की रैंकिंग बी, सी व डी श्रेणी में है, उन्हें सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने राशन दुकानों के रिक्त पदों का नियमानुसार आवंटन, अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा कराने, फसल बीमा दावों के निस्तारण और जननी सुरक्षा योजना के लंबित भुगतान जल्द कराने को कहा। साथ ही पशु टीकाकरण और मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत पात्रों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

हरिहरपुर कैलहा में धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर ब्लॉक की ग्राम सभा हरिहरपुर कैलहा में मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर यात्रा निकाली। श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते–गाते पूरे गांव में भ्रमण करते हुए कथा



स्थल पर पहुंचे। इसके बाद सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। आयोजन के मुख्य यजमान राम मिश्रा, शिव प्रसाद मिश्रा, गीता मिश्रा एवं देवी प्रसाद मिश्रा ने कथा व्यास आचार्य पंडित गिरीश चंद्र मिश्रा का माल्यार्पण व अंगवस्त्रम से सम्मान किया। कथा व्यास आचार्य पंडित गिरीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को भक्ति, प्रेम, सेवा और सदाचार की प्रेरणा देती है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जीवन में धर्म के मार्ग पर चलने और अपने कर्तव्यों का पालन करने की सीख मिलती है। इस मौके पर मनोरमा मिश्रा, सुंदरी मिश्रा, राजकुमार, राजेंद्र, लालता प्रसाद, प्रदीप, राकेश, दिलीप, जगन्नाथ, इंजीनियर आदित्य, कमलेश, बद्री प्रसाद, दीपक, रवि, शैलेश, आरुष, प्रवीण, सुधीर, आकांक्षा, डॉ. आंचल मिश्रा, उमेश, माधुरी, इंजीनियर अमित, शिवम, प्रिया, नीलम, कोमल, काजल, लक्ष्मी, प्रियंका, रीता, आर्य, दिशा, प्रियांशु, मनीष समेत अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

टैक्टर के पहिये की चपेट में आने से घायल युवक की हुई मौत, कोहराम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। टैक्टर से गिरने से घायल युवक की मौत हो गयी। मौत की जानकारी हो पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। लालगंज कोतवाली के पूरेबंशी गांव निवासी चौबीस वर्षीय लवकुश वर्मा पुत्र स्व0 दर्शन वर्मा सोमवार की देर शाम करीब आठ बजे खेत में धान की कटाई कराने के बाद उसे टैक्टर ट्राली पर लादकर घर आ रहा था। इसी बीच खेत की मेड़ पर अचानक टैक्टर अनियंत्रित होने से चालक नीचे गिरकर टैक्टर के पहिये की चपेट में आ गया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी होने पर परिजन उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां चिकित्साकों ने घायल लवकुश को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर मां फोटो देवी समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल दिखा। मृतक दो भाईयों व दो बहनों में बड़ा था और अविवाहित है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के जिला मुख्यालय भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाही की जायेगी।

डीएम ने पराली न जलाने की अपील की, उधर वायरल वीडियो ने खोली पोल

रामपुर थरियांव के पास पराली जलने का वीडियो वायरल, जागरूकता अभियान के बीच निगरानी पर उठे सवाल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। जिले में पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए प्रशासन जागरूकता अभियान चला रहा है, लेकिन रामपुर थरियांव के पास पराली जलाए जाने का कथित वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने से अभियान की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े हो गए हैं। मंगलवार को ही जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किसानों से पराली न जलाने की अपील की थी। ऐसे में अभियान के बीच सामने आए इस वीडियो ने प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्रशासन किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान बताकर फसल अवशेष प्रबंधन अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इसके बावजूद यदि खेतों में पराली जलाई जा रही है तो सवाल उठना लाजिमी है कि जागरूकता अभियान का धरातल पर कितना असर हो रहा है और जिम्मेदार विभाग निगरानी कितनी गंभीरता से कर रहे हैं। पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ मिट्टी की उर्वरता और उसमें मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीवों को भी नुकसान पहुंचता है। इसका सीधा असर पर्यावरण और जनस्वास्थ्य पर पड़ता है। अब निगाहें जिला प्रशासन पर हैं कि वायरल वीडियो की जांच कराई जाती है या नहीं। हांलाकि हम वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करते हैं। यदि पराली जलाने की पुष्टि होती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई जरूरी होगी। केवल प्रचार वाहन चलाने से लक्ष्य पूरा नहीं होगा, जब तक खेतों में निगरानी और नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित नहीं किया जाता।

सेंट मदर टेरेसा स्कूल ऑफ नर्सिंग में फ्रेशर पार्टी का हुआ आयोजन

प्रांजलि प्रिया मिस फ्रेशर तथा नीतीश कुमार मिस्टर फ्रेशर चुने गए

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशांबी। सेंट मदर टेरेसा स्कूल ऑफ नर्सिंग मीरा पट्टी धूमनगंज में चित्रांश फाउंडेशन की ओर से प्रथम वर्ष प्रवेशित नर्सिंग



छात्रों के स्वागत समारोह एवं फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के जनरल मैनेजर समर अब्बास तथा प्रधानाचार्य विपिन कुमार साकेत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। फ्रेशर पार्टी में छात्रों ने डांसिंग, सिंगिंग व विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, इस दौरान फ्रेशर पार्टी में नवप्रवेशित प्रांजलि जीएनएम एवं प्रिया यादव एएनएम को मिस फ्रेशर तथा नीतीश कुमार को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। जनरल मैनेजर समर अब्बास तथा प्रधानाचार्य विपिन कुमार साकेत ने छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस मौके पर कीर्ति सिंह , आँचल देवी , अर्चिता वर्मा , परिधि गुप्ता , अनन्या सिंह , प्रियंका कैथवास , वंदना यादव , सेजल यादव सहित संस्थान स्टॉफ मौजूद रहा।

भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी । नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के दारानगर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत से पूर्व मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। दोपहर में विधि–विधानपूर्वक पूजा–अर्चना के बाद सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु नर–नारी भक्ति रस में डूबे हुए सर पर पवित्र कलश लेकर नगर भ्रमण पर निकले। कलश यात्रा के दौरान दारानगर कस्बे में हरे राम–हरे कृष्ण और जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। भक्ति गीतों की मधुर ध्वनि में डूबे श्रद्धालु पूरे नगर में भ्रमण के बाद भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव से कलश की स्थापना की। कलश यात्रा के दौरान गलियों और मार्गों पर पुष्पवर्षा हुई, महिलाओं ने मंगल गीत गाए और श्रद्धालुओं ने कलश को सिर पर रखकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया। इस दौरान त्रियुगी नारायण मिश्रा, अतुल मिश्रा , रावेंद्र मिश्र , प्रभाकर शुक्ला, दीरगंज मौर्य , अजय शुक्ला , मानवेंद्र मिश्रा , शशिकांत पांडेय , शिवम मिश्रा , गिरजेश मिश्र, रंजन पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मिट्टी की सेहत सुधारने को संतुलित उर्वरक और हरी खाद जरूरी : डा. मनोज

खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत मलाक रेजमा में कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, किसानों को कम लागत में बेहतर उत्पादन के बताए गए उपाय

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। खेतों की उर्वरता बनाए रखने, मृदा स्वास्थ्य सुधारने और खेती की लागत कम करने के उद्देश्य से कृषि विभाग की ओर से विकासखंड सिराथू के मलाक रेजमा में खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें किसानों को संतुलित उर्वरक प्रयोग, हरी खाद के महत्व और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों की जानकारी देकर मिट्टी की सेहत बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मृदा वैज्ञानिक डा. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही टिकाऊ कृषि और किसानों की समृद्धि का आधार है। खेतों की उर्वरता बनाए रखने के लिए रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग मिट्टी की जांच के आधार पर और संतुलित मात्रा में करना चाहिए। जैविक खाद और हरी खाद को खेती का अभिन्न हिस्सा बनाकर मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। इससे न केवल भूमि की उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि खेती की लागत कम करने में भी मदद मिलेगी।

डा. सिंह ने बताया कि ढैंचा, उड़द और मूंग जैसी फसलों को हरी खाद के रूप में उगाने से मिट्टी में जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ती है। इससे मिट्टी की संरचना और जलधारण क्षमता में सुधार होता है। दलहनी फसलें वायुमंडलीय नाइट्रोजन को मिट्टी में उपलब्ध कराने में भी सहायक होती हैं। इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलती है। उन्होंने किसानों से फसल चक्र अपनाने, फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने और जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

कार्यक्रम में रासिब संस्था के संदीप, नौजवान, समर्पित, बृजेश और रौनक सहित अन्य प्रतिनिधियों ने किसानों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और टिकाऊ खेती के उपाय बताए। वहीं, कृषि विभाग के एटीएम हुमायूं ने विभाग की ओर से संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाकर किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।

इस दौरान प्रगतिशील किसानों राम लौटे, राज लाल, जगत पाल और राम प्रसाद ने अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि मिट्टी की सेहत का संरक्षण केवल वर्तमान में उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए कृषि भूमि की उत्पादकता बनाए रखने के लिए भी जरूरी है। किसानों से संतुलित उर्वरक प्रयोग, हरी खाद और फसल चक्र को अपनाकर खेतों को लंबे समय तक उपजाऊ बनाए रखने की अपील की गई।

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जनपद में 62 विद्यालय बने परीक्षा केंद्र

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशांबी । माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज द्वारा वर्ष 2027 में संचालित होने वाली हाईस्कूल एवं इंटर मीडिएट की परीक्षा हेतु यूपी बोर्ड द्वारा जनपद में 62 परीक्षा केंद्र बनाए गए है । जिला विद्यालय निरीक्षण एल बी मौर्य ने बोर्ड परीक्षा केंद्रों की सूची जारी करते हुए बताया कि जनपद में राजकीय बालिका इंटर कालेज सिराथू , राजकीय बालिका इंटर कालेज कड़ा , महगाव इंटर कालेज महगाव , लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज चायल , श्री ब्रम्हचारी इंटर कालेज तिलहापुर , आदर्श इंटर कालेज सरायअकील , कस्तूरबा गांधी गर्ल्स इंटर कालेज भरवारी , श्री हुबलाल इंटर कालेज भरवारी , नेशनल इंटर कालेज भरवारी , महेश्वरी प्रसाद इंटर कालेज आलमचन्द , शिवाजी इंटर कालेज नेवादा , श्री दुर्गा देवी इंटर कालेज ओसा , श्री देशबन्धु इंटर कालेज बैशकांटी , जिला पंचायत ईंटर कॉलेज पश्चिम शरीरा , श्री दिलीप सिंह इंटर कालेज बाकरगंज गोराजू , कृषक इंटर कालेज हिनौता , जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज सरसवा , तिलक इंटर कालेज कनैली , कौशाम्बी इंटर कालेज कौशाम्बी , एसएवी ईंटर कालेज सैनी , श्री मान सिंह इंटर कालेज अलीपुरजीता , श्री नागा निरंकारी पथिक इंटर कालेज हिसामपुर माढ़ों , श्री हनुमान इंटर कालेज अजुहा , गांधी मेमोरियल इंटर कालेज दारानगर , श्री रंजीत पंडित इंटर कालेज शाहजदपुर , श्री जगत नारायण करवरिया इंटर कालेज नारा , फिरोज गांधी इंटर कालेज शमशाबाद सिराथू , एस पी इंटर कालेज सराय अकील , करारी इंटर कालेज करारी , जी पी के एम आई सी शेरगढ़ मूरतगंज , गुलाब देवी बालिका इंटर कालेज सिकंदरपुर बजहा , रियाज इंटर कॉलेज उखैया खास, बिट्टल भाई पटेल इंटर कालेज उदिहीन , श्रीमती संपत्ति देवी लघु ग्रामीण उद्योग इंटर कॉलेज स्वर्ग सोनौली कौशांबी , बनवारी गौतम बालिका इंटर कालेज सराय अकील , एस एन इंटर कॉलेज सिराथू, एस आर बी सिंह , संधावा बिदाव, जय मां दुर्गे इंटर कॉलेज अजुहा , आर डी आर ए एस इंटर कॉलेज भगत का पूरा अलवारा, धर्मराज सिंह इंटर कालेज मलकिया सिराथू , उदय श्याम इंटर कॉलेज सिराथू , श्री मोतीलाल यादव इंटर कॉलेज बरौला , श्री सुरज पाल लक्ष्मी देवी इंटर कालेज भडेसर सिराथू , श्रीराम कृपाल इंटर कॉलेज, धर्मा देवी इंटर कालेज केन कनवार , पी टी जे एन वी एन इंटर कॉलेज रामदयाल पुर काजू , एस आर एस इंटर कॉलेज शिवपुर बसोहनी, बी एन ए पी मिश्रा इंटर कॉलेज गंगा पारी का पुरवा, सी एस एम एस इंटर कॉलेज चक ताजपुर , एम एस इंटर कॉलेज जी टी रोड बजहा मूरतगंज , श्रीमती सुशीला देवी राम संजीवन इंटर कालेज भैरमपुर सिराथू , श्री सुखराम प्रजापति इंटर कॉलेज म्योहरिया सराय अकील, अनवारुल हक सिद्दकी गर्ल्स इंटर कालेज रसूलपुर टप्पा नेवादा , राधेश्याम सिंह इंटर कालेज कनैली, धनपत्ति देवी श्यामनारायण इंटर कालेज थुलगुला कड़ा , रमाबाई अंबेडकर राजकीय आश्रम पद्धति बालिका इंटर कालेज भरसवा लौधना , महादेव सिंह सिंगरौर बालिका इंटर कॉलेज बेनीराम कटरा , जे एस इंटर कालेज भईले गुवारा मंझनपुर , एच एच ए इंटर कॉलेज टेडीमोड अंदावा , चौधरी हाजी रहमान हायर सेकेंडरी स्कूल कर्बला पुरखास नेवादा , मदर इंडिया इंटर कॉलेज नेता नगर करारी , सरस्वती ज्ञान मंदिर शिक्षण संस्थान विजया चौराहा कौशांबी को बोर्ड परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्र बनाया गया है ।

डा0 मोहिनी ने विद्यार्थियों को कराया योगाभ्यास

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। नगर स्थिति रामअंजोर मिश्र इण्टर कालेज में



मंगलवार को विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया गया। योगामृत साधना केन्द्र द्वारा आयोजित योग जागृति मिशन के तत्वावधान में आयोजित योग शिविर में डा0 मोहिनी राठौर ने विद्यार्थियों को योग कराया। इससे पूर्व एडीजे रघुवीर सिंह राठौर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। योग शिविर में डा0 मोहिनी राठौर ने विद्यार्थियों को अनुलोम–विलोम, कपालभाति, सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग शरीर को स्वस्थ्य रखने के साथ ही मानसिक एकाग्रता में भी सहायक होता है। उन्होंने योगामृत साधना केन्द्र के माध्यम से युवाओं को योग से जोड़ने और स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने के प्रति जागरूक भी किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, आचार्य विनय शुक्ल, राकेश त्रिपाठी, देवी प्रसाद तिवारी, शिवाकान्त मिश्र आदि मौजूद रहें।

नशेड़ी युवक ने महिला के साथ मारपीट कर दी धमकी, प्राथमिकी दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । कोखराज थाना क्षेत्र के बम्हरौली का मजरा गिरधार पुर गांव की एक महिला का आरोप है कि परिवार का एक युवक आएदिन नशे की हालत में गाली गलौच व मारपीट कर धमकी देता है, पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। कोखराज थाना क्षेत्र के बम्हरौली का मजरा गिरधर पुर गांव निवासी रानी देवी पत्नी ओमप्रकाश ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके परिवार का एक युवक सोमवार की दोपहर एक बजे के करीब नशे की हालत में गाली गलौच कर रहा था जिसका विरोध करने पर युवक मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगा, बीच बचाव के दौरान बेटे पवन के साथ भी गाली गलौच कर मारपीट करने लगा। पीड़ित महिला की शिकायत पर कोखराज पुलिस ने रामनाथ उर्फ रोगी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

भदोही में महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी

मिशन शक्ति अभियान में सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के बारे में बताया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। शासन के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के निर्देशन में जिले में श्मिशन शक्ति अभियान (फेज 6.0)श् चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और चौकियों ने अपने थाना क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर चलाया गया। पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं से सीधी बात की। उन्हें छेड़छाड़, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा इनसे बचने के सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया। पुलिस कर्मियों ने बालिकाओं को भयमुक्त होकर अपनी बात रखने को कहा। इस दौरान महिलाओं के सशक्तिकरण की कई सरकारी योजनाओं, पॉक्सो एक्ट, महिला अधिकारों और कानूनी जानकारी दी गई। आपातकालीन स्थिति में मदद पाने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181, 1076 और 1098 के इस्तेमाल का तरीका बताया गया। जागरूकता पंपलेट भी बांटे गए। भदोही पुलिस महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, गरिमा और स्वावलंबन के लिए पूरी तरह से लगी हुई है।



अमर शहीद बृजेश मौर्य की स्मृति में बनेगा स्मृति द्वार, विधायक विपुल दुबे ने किया भूमि पूजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। ज्ञानपुर विधानसभा के ग्राम सभा कसियापुर में सोमवार को अमर शहीद बृजेश मौर्य की स्मृति में बनने वाले स्मृति द्वार का ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे ने विधि-विधान से भूमि पूजन किया। इस दौरान विधायक ने नम आंखों से शहीद को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस, वीरता और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। विधायक विपुल दुबे ने कहा कि स्मृति द्वार का निर्माण एक महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। उनका त्याग, समर्पण और देश के प्रति निष्ठा सदैव आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। शहीदों की स्मृतियों को संजोकर रखना हम सभी का दायित्व है, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर देश की एकता, अखंडता और सम्मान के लिए समर्पित रहें। स्मृति द्वार का निर्माण अमर शहीद बृजेश मौर्य की वीरता और बलिदान को सदैव याद दिलाने के साथ ही क्षेत्रवासियों के लिए गौरव और प्रेरणा का प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर श्याम नारायण मौर्य, ग्राम प्रधान अमृत लाल, सभाजीत गौतम, मोती लाल मौर्य, अश्विनी श्रीवास्तव, सुरेंद्र मौर्य, राजाराम बिंद, भाईलाल सरोज, रहीम, रामजी बिंद, उमाशंकर मौर्य, सिद्धांत मौर्य, सर्वेश मौर्य, मेहीलाल मौर्य, लाल बहादुर मौर्य, जगत मौर्य, रामसूरत बिंद, चंद्रभान मौर्य, भरतराज सिंह, प्रमोद मौर्य और राकेश मौर्य सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



शरद पूर्णिमा की रात खीर में औषधि खाने को उमड़ी भीड़, तीन पीढ़ी से चल रही निशुल्क सेवा

सुनील कुमार गुप्ता
प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। शरद पूर्णिमा की रात अष्टभुजा शक्तिपीठ के पास गेरूहवा तालाब के नजदीक पहाड़ पर हजारों लोग जुटे। लोगों का कहना है कि इस रात खीर में जड़ी-बूटी की औषधि खाने से पुरानी खांसी, श्वास और दमा में राहत मिलती है।वैद्य कमल मिश्रा यहां साल में एक बार शरद पूर्णिमा की अर्धरात्रि में खीर में औषधि देते हैं। उनका दावा है कि यह सेवा उनके दादा और पिता के समय से चली आ रही है। तीन पीढ़ी से यह सेवा निशुल्क की जा रही है।वैद्य कमल मिश्रा ने बताया कि खीर बनाकर उसमें बिना चीनी या मीठा डाले चार से पांच घंटे खुले आसमान के नीचे रखना होता है। इसके बाद उसमें हिमालय की जड़ी-बूटी से बनी औषधि मिलाई जाती है। उन्होंने बताया कि औषधि युक्त खीर खाने से पुरानी खांसी, दमा और श्वास से पीड़ित लोगों को राहत मिलती है।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं. : 9220262027 दिनांक : 23.10.2026

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यो के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर दिनांक 18.11.2026 को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र0 सं0 : 1	नि0 सं0 : 193	अनुमानित मूल्य (रू) : 4,67,77,919.20

कार्यों का विवरण : सहायक मण्डल इंजीनियर/उत्तर मध्य रेलवे/नैनी के क्षेत्र में नैनी से मानिकपुर विभिन्न स्टेशनों पर पैदल मार्ग (pathways) उपलब्ध कराने/निर्माण करने का कार्य।

अग्रिम धनराशि मूल्य (रू) : 9,35,600.00	कार्य समापन की अवधि : 12 माह

निविदा खुलने की तिथि : 18.11.2026

पात्रता मापदंड के अन्तर्गत सिमिलर कार्य : सिविल इंजीनियरिंग का कोई कार्य

क्र0 सं0 : 2	नि0 सं0 : 194	अनुमानित मूल्य (रू) : 84,39,338.35

कार्यों का विवरण : नैनी से मानिकपुर सेक्शन के तहत मानिकपुर में कनेक्टेड पाइपलाइन कार्यों के साथ निस्पंदन (फिल्ट्रेशन) प्लांट के प्रावधान द्वारा जल आपूर्ति का संवर्धन।

अग्रिम धनराशि मूल्य (रू) : 1,68,800.00	कार्य समापन की अवधि : 12 माह

निविदा खुलने की तिथि : 18.11.2026

पात्रता मापदंड के अन्तर्गत सिमिलर कार्य : सिविल इंजीनियरिंग का कोई कार्य

नोट :- 1. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की तिथि दिनांक 18.11.2026 तक उपलब्ध हैं। निविदा खोलने की नियत तारीख को 15:00 बजे या उसके बाद खोला जाएगा। 2. उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु बेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है, तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. सभी निविदादाता निविदा संख्या 193 से 194 जिसमें निविदा का मूल्य रू0 50 लाख से ज्यादा है के लिए Annexure-V & V(A) (Document Verification Certificate) की आवश्यकता है। माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे । 5. निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in पर भी अपलोड कर दिया गया है। 6. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 7. आनलाइन निविदा दिनांक 18.11.2026 को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 8. ई-टेण्डर फार्म सभी निविदाकारों का मुफ्त जारी किए जाएंगे। 9. निविदा संख्या 193 से 194 के लिए निविदादाता को जी.सी.सी.-2022 (वर्क्स मामले भाग-1) के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में आवश्यक दस्तावेजों का निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। 2426/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

जनगणना-2027 : भदोही में चार केंद्रों पर प्रशिक्षण शुरू, अधिकारियों ने दिए जरूरी निर्देश

प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को आंकड़ों की शुद्धता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने पर जोर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। जनगणना–2027 के द्वितीय चरण के तहत जनपद में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी शैलेष कुमार ने सेंट थॉमस स्कूल, ज्ञानपुर में प्रशिक्षण का शुभारंभ कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वहीं, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शुभांगी शुक्ला तथा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह ने अन्य केंद्रों पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शुभारंभ किया।



जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसके आंकड़ों के आधार पर विकास योजनाएं और जनकल्याणकारी नीतियां तैयार की जाती हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सभी प्रक्रियाओं एवं तकनीकी पहलुओं को गंभीरता से समझने और गणना के दौरान आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। ज्ञानपुर के सेंट थॉमस स्कूल तथा जयराजी देवी पब्लिक स्कूल, जंगीगंज में लगभग 250–250, जबकि एमए समद इंटर कॉलेज, भदोही और केशव प्रसाद राल्ही महाविद्यालय, नरथुआ में लगभग 500–500 प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन केंद्रों पर क्रमशः 10, 10, 20 और 20 फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण दे रहे हैं।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता, समयबद्ध संचालन और प्रशिक्षणार्थियों की शंकाओं के समाधान पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने जनपदवासियों से 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्व–गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) में ऑनलाइन भाग लेकर जनगणना–2027 को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सही आंकड़ों के संकलन और जनगणना को निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराने में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है।

एएचटी/एसजेपीयू की मासिक समन्वय गोष्ठी और प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित, बाल सुरक्षा पर हुई चर्चा

शाहिद वारसी
प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। पुलिस लाइन स्थित माँ विंध्यवासिनी सभागार में सोमवार को थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और एसजेपीयू की मासिक समन्वय गोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।



अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ के निर्देश के क्रम में एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण और सीओ कार्यालय मुनेन्द्र पाल सिंह की मौजूदगी में बैठक हुई। इसमें जनपद के सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में पॉक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम 2015, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन द्वारा जारी एसओपी पर विस्तार से चर्चा हुई। मानव तस्करी, बालश्रम, भिक्षावृत्ति, अनैतिक देह व्यापार की रोकथाम, विशेष रेस्क्यू अभियान, गुमशुदा बच्चों की बरामदगी, मेडिकल परीक्षण, धारा 183 बीएनएस के तहत बयान और सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुतीकरण के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता मिलने पर पॉक्सो सपोर्ट पर्सन को तत्काल सूचित किया जाए और बच्चों को 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। बालश्रम रोकथाम में श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास, संस्था आस्था, चाइल्ड हेल्प लाइन के सहयोग पर जोर दिया गया।

साथ ही 1098, 1090, 181, 112, 1930 सहित सभी हेल्पलाइन नंबरों का थानों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। गोष्ठी में सीडब्ल्यूसी, डीपीओ, वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन, श्रम विभाग और एनजीओ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर नपाध्यक्ष ने की बैठक, स्वच्छता व जागरूकता पर दिया जोर

सुनील कुमार गुप्ता
प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। लालडिग्गी स्थित नगर पालिका परिषद के प्रधान कार्यालय के छत्रपति शिवाजी सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के अंतर्गत विद्यालयों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने बैठक की।बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने की। इसमें शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने, कचरे के उचित निस्तारण तथा आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्र करने, ठोस कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने और स्वच्छता अभियान में सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने संबंधित संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, विद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों से स्वच्छता अभियान में सहयोग करने तथा आमजन को जागरूक करने की अपील की।



उन्होंने कहा कि स्वच्छ मीरजापुर, स्वस्थ मीरजापुर का संकल्प तभी पूरा होगा, जब नगर पालिका के साथ-साथ व्यापारी, विद्यालय, सामाजिक संगठन और नगरवासी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएंगे। उन्होंने सभी से नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शिवकुमार मुंदरा,सभासद पति रूपेश यादव, सभासद इंद्रजीत पटेल, धीरज सोनकर, सभासद पति किशन कसेरा, मृत्युंजय त्रिपाठी,महेश गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के सदस्य अनिल कुमार गुप्ता, पीतल-बर्तन मंत्री वीरेंद्र सिंह,सभासद विजय शंकर प्रजापति, सनत केसरी, रवि प्रकाश, नोमान अंसारी, योगेश मिश्रा एवं अपराजिता केसरी सहित अनेक व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आचार्य शुक्ल ने अपनी लेखनी से हिंदी भाषा को समृद्ध किया - दयाशंकर मिश्र

आचार्य रामचंद्र शुक्ल मिर्जापुर के गौरव हैं - रत्नाकर मिश्र

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय)। आचार्य रामचंद्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में आचार्य शुक्ल की 142 वीं जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र ने कहा कि आचार्य शुक्ल ने अपनी लेखनी से हिंदी साहित्य को समृद्ध किया।



विशिष्ट अतिथि नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने कहा कि आचार्य रामचंद्र शुक्ल मिर्जापुर के गौरव हैं। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अनुज प्रताप सिंह ने कहा कि आचार्य शुक्ल ने आलोचना साहित्य को नई दिशा दी।वक्ता के रूप में डॉ एस एन पाठक, प्रतिमा शर्मा, डॉ अनुराधा ओस, शिव प्रसाद द्विवेदी, डॉ ध्रुव कुमार ने अपना विचार व्यक्त किया और आचार्य शुक्ल के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। काव्य पाठ के क्रम में लल्लू तिवारी, डॉ. ऊषा कनक पाठक, डॉ सुधा सिंह , नंदिनी वर्मा, डॉली अग्रहरि, नंदलाल सिंह चंचल, विवेकानंद चौबे, विजय श्रीवास्तव और कृष्ण गोपाल वर्मा ने कविताएं सुनाईं।

कार्यक्रम का सञ्चालन आनंद अमित ने किया। कवियों और वक्ताओं को अंगवस्त्र और सम्मान पत्र देकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि दयाशंकर मिश्र, विशिष्ट अतिथि रत्नाकर मिश्र और मंचासीन अतिथियों का स्वागत आचार्य राम चंद्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान के प्रबंधक राकेश त्रिपाठी ने अंग वस्त्र और स्मृति चिह्न देकर किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि ने राम चंद्र शुक्ल और महर्षि बाल्मीकि की तस्वीर पर मालयार्पण करके किया। सरस्वती वंदना रमाशंकर द्विवेदी ने किया। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। इस वर्ष का आचार्य राम चंद्र शुक्ल सम्मान नागरी प्रचारिणी सभा वाराणसी के प्रधान मंत्री व्योमेश शुक्ल को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में अच्युतानंद शुक्ल, राजेंद्र तिवारी, विमल कुमार तिवारी, रमेश चंद्र दुबे, राम जी तिवारी, अभिनव त्रिपाठी, अजय पाण्डेय, डॉ विवेक, डॉ अभिषेक, जाह्नवी तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, कासिम, मानस मोहिले, ईश्वर चंद्र, हौसला प्रसाद, लक्ष्मी कांत पाण्डेय, अमिताभ पाण्डेय, आशीष शुक्ल और अमरनाथ सिंह आदि उपस्थित रहे। अंत में राकेश चंद्र शुक्ल ने सभी का धन्यवाद प्रकट किया।

आखिर कब लगेगी अवैध अस्पतालों और पैथोलॉजी सेंटरों पर लगाम ?

प्रातःकाल एक्सप्रेस

राजगढ़ (संजीव पांडेय)।स्थानिय राजगढ़ क्षेत्र में अवैध अस्पतालों का जाल लगातार बढ़ता जा रहा है।गरीब व कम पढ़े लिखे लोग इन अवैध अस्पतालों के चंगुल में फंसकर न सिर्फ अपनी जमा पूंजी लूटा देते हैं बल्कि कभी कभी जान से भी हाथ धोना पड़ता है। राजगढ़ क्षेत्र में अवैध अस्पताल बल्कि अवैध पैथोलॉजी भी धड़ल्ले से चल रहे हैं। मजे की बात यह है कि इन्हें



जांचने या रोकने वाला कोई नहीं। स्वास्थ्य विभाग का हाल यह है कि जब तक किसी अस्पताल में घटना नहीं घटता तब तक वह लीगल रहता है, लेकिन घटना घटने के बाद वही अस्पताल अवैध हो जाता है। यानी जब खुद की नौकरी पर बात आती है तो सारे नियम लगा दिये जाते है।लोगों का कहना है कि आखिर आवासीय मकानों में अस्पताल खोलने की अनुमति कैसे मिल जाती है? वहीं लोगों ने बताया कि बिना पैथोलॉजिस्ट के धड़ल्ले से चल रहे पैथोलॉजी सेंटर भी लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जिसका खामियाजा क्षेत्र के गरीब आदिवासी मरीजों को जान देकर चुकानी पड़ रहीं हैं।कई प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि किसी भी अवैध अस्पतालों में बड़े बड़े फर्जी डॉक्टरों के नामों की सूची टांग कर रख देते है,जबकि वहाँ अप्रशिक्षित झोलाछाप डॉक्टर इलाज करते हैं।लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में धड़ल्ले से फलफूल रहे अवैध धंधों पर लगाम लगाने की मांग की है।ताकि गरीब आदिवासी मरीज अवैध अस्पतालों का शिकार होने से बच सके।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 316 जोड़ों ने लिए सात फेरे

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय)। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) विकास खण्ड सीटी ग्राम चन्दईपुर, मीरजापुर में आयोजित कराया गया, जिसमें जनपद के समस्त विकास खण्ड एवं नगरपालिका मीरजापुर चुनार अहरौरा के अनुसूचित जाति के 190, अन्य पिछड़ावर्ग 112, सामान्य वर्ग 03 एवं अल्पसंख्यक वर्ग 11 के अर्थात कुल 316 जोड़ों का सामूहिक विवाह सकुशल सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मडिहान रमा शंकर सिंह पटेल, विधायक मझवां सुचिस्मिता मौर्य, विधायक



छानबे रिंकी कोल, मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक, डीआरडीए धर्मजीत सिंह, उपनिदेशक, समाज कल्याण, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर, जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप पटेल तथा समस्त विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर निकाय उपस्थित रहकर नव दम्पतियों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। विधायक नगर, विधायक मडिहान, विधायक मझवां, विधायक छानबे एवं मुख्य विकास अधिकारी ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी नव-वैवाहिक जोड़ों को उनके सुखद एवं सुखमय जीवन की कामना की, साथ ही प्रत्येक वर-वधू को उपहार हेतु दी जाने वाली सामाग्री एवं प्रमाण-पत्र वितरित किया। उन्होनें अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के उत्थान एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध है एवं सरकार द्वारा आर्थिक रूप से गरीब परिवारों, बेसहरा व्यक्तियों के बहुत सी कल्याणकारी योजनायें चलायी जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत ऐसे माता-पिता जो आर्थिक रूप से अपनी पुत्री की शादी करने में सक्षम नहीं है, वह सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर अपनी पुत्रियों की शादी करा पा रहे है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत प्रति जोड़ो की शादी में कुल धनराशि रू० 100000ध्- के सापेक्ष कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि रू० 64000ध्- कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी। साथ ही विवाह संस्कार के लिये रू0 21000ध्- की धनराशि का विवाह स्वरूप आवश्यक सामग्री दिया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम आयोजन हेतु भोजन, पण्डाल, फर्नीचर, पेयजल, विद्युतध्प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु रू0 15000ध्- प्रति शादी की दर से कार्यक्रम आयोजक को दिया जायेगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

अखिलेश यादव का निर्वाचन आयोग पर बड़ा हमला, बोले- चुनाव में हेरफेर की हो रही है बड़ी साजिश

लखनऊ,संवाददाता। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए चुनाव में हेरफेर की साजिश का आरोप लगाया है। उन्होंने निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची को आधार से जोड़ने और बायोमेट्रिक सत्यापन लागू करने की मांग की। अखिलेश यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से अधिकारियों के खिलाफ हाल में की गई कार्रवाई से उनकी पार्टी की चिंताएं दूर नहीं होंगी। उन्होंने आगामी चुनावों के मद्देनजर लगातार सतर्क रहने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, अब निर्वाचन आयोग जागा है और अपनी निष्पक्षता दिखाने के लिए अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। लेकिन हमें इससे तसल्ली नहीं मिलेगी, हमें बहुत सतर्क रहना होगा। क्या इन छोटी कार्रवाइयों के पीछे कोई बड़ी साजिश हो सकती है, जिसे हम पहचान नहीं पा रहे हैं? वरना बाद में हम यही कहते रह जाएंगे कि देखिए, क्या हो गया। उन्होंने हालिया विधान परिषद चुनावों का जिक्र करते हुए सवाल उठाया, षविधान परिषद चुनावों की मतगणना के दौरान मतपेटियों के अंदर बिना मुड़े हुए मतपत्र कैसे मिल सकते हैं? क्या किसी ने सोचा भी होगा कि मतपेटियों के अंदर खुले हुए, बिना मुड़े हुए मतपत्र मिलेंगे? ऐसा किसने किया होगा? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन या चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना ऐसा होना



मुमकिन नहीं है। निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा, षनिर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है और अपनी विश्वसनीयता बनाए रखना उसकी जिम्मेदारी है। लेकिन हमने जो देखा है, उससे लगता है कि उसने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। सपा प्रमुख ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि इस दौरान पात्र मतदाताओं, खासकर सपा समर्थकों को निशाना बनाया गया। 2022 के विधानसभा चुनावों का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि 2019 में मतदान करने वाले कई लोगों के नाम 2022 की सूची से गायब थे। भाजपा पर निशाना साधते हुए अखिलेश ने सवाल किया कि सत्ताधारी दल किसे श्घुसपैठियाश मानता है? उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बाद अब उत्तर प्रदेश चुनाव नजदीक आते ही घुसपैठियों का मुद्दा फिर से उठाया जा रहा है। भाजपा को साफ करना चाहिए कि घुसपैठिये कौन हैं? चीन का जिक्र करते हुए उन्होंने पूछा कि अगर चीन भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण कर रहा है, तो क्या उन्हें घुसपैठिया नहीं कहा जाएगा? अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा मतदाता सूची संशोधन का इस्तेमाल चुनिंदा लोगों के नाम हटाने के लिए कर रही है। उन्होंने कहा, हम भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर लड़ेंगे, लेकिन हमें उन प्रीपेड पार्टियों और नेताओं से भी सावधान रहना होगा, जिन्हें ओटीपी (निर्देश) कहीं और से मिलते हैं। अंत में, उन्होंने मांग रखी कि फर्जीवाड़े और असली मतदाताओं के नाम हटने से रोकने के लिए मतदाता सूची को आधार से जोड़ा जाए और मतदान प्रक्रिया में बायोमेट्रिक सत्यापन लागू किया जाए।

बिना नाम लिए मायावती ने दी कांग्रेस को नसीहत, कहा, व्यक्तिगत हमले और विषैली राजनीति देशहित में नहीं

लखनऊ,संवाददाता। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी को लेकर प्रतिक्रिया दी है। बसपा प्रमुख ने बिना नाम लिए कांग्रेस को नसीहत देते हुए कहा कि भारतीय राजनीति में आपसी अविश्वास, द्वेष, कटुता और आरोप–प्रत्यारोप का स्तर अब व्यक्तिगत स्तर पर भी काफी बेलगाम हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे देश की गरिमा और मान–मर्यादा पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। पूर्व सीएम मायावती ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,श्भारतीय राजनीति में आपसी अविश्वास, द्वेष, कटुता और आरोप–प्रत्यारोप का स्तर अब व्यक्तिगत स्तर पर भी काफी बेलगाम हो गया है। यह असंसदीय, अमर्यादित, अपमानजनक, संकीर्ण और जातिवाद से ग्रसित होते हुए हिंसक बयानबाजी तक पहुंच रहा है, जो अति–दुखद और देश की गरिमा व मान–मर्यादा के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि शीर्ष स्तर पर आसीन लोगों के बीच यदि एक–दूसरे के लिए समुचित सम्मान नहीं है, तो कम से कम आपत्तिजनक और विषैली राजनीति को किसी भी प्रकार से बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए। बसपा प्रमुख मायावती के मुताबिक, बढ़ती संकीर्ण और गरीब–विरोधी स्वार्थी राजनीति के कारण लोगों का भरोसा राजनीतिक व्यवस्था पर कमजोर होना देश और जनहित में नहीं होगा। बसपा प्रमुख ने सरकारी स्तर पर व्यापक भ्रष्टाचार और चुनावी प्रक्रिया पर उठ रहे सवालों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन कारणों से जनता पहले से ही बेचैन है। ऐसे में नेताओं के बीच नाक की आपसी लड़ाई स्थिति को और अधिक विषम बना रही है जबकि जनता चाहती है कि देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई जैसी ज्वलंत समस्याओं के समाधान पर सभी का ध्यान केंद्रित हो। मायावती ने कहा कि ऐसे में खासकर सभी पार्टियों व उनके नेताओं के बीच अशोभनीय टीका–टिप्पणी और बयानबाजी की बढ़ती हुई होड़ यहां राजनीतिक माहौल को और भी अधिक कड़वा व विषैला बनाएगी, जो अनुचित है। सभी लोग इस ओर समुचित ध्यान दें तो यह बेहतर होगा।

एक ही घर से उठीं तीन अर्थियां, मृतक की बेटी की सरकारी नौकरी और एक-एक करोड़ रुपए देने की रखी मांग

लखनऊ,संवाददाता। लखनऊ का सआदतगंज इलाका इस वक्त सिर्फ चीखों, आंसुओं और गुस्से का गवाह बना हुआ है। सआदतगंज के ब्राह्मण टोला में जब एक ही घर से तीन–तीन अर्थियां उठीं, तो वहां मौजूद हर शख्स का कलेजा कांप गया। पुलिस की ढिलाई, दबंगों की गुंडागर्दी और एक हंसते–खेलते परिवार के तबाह होने की यह वो खूनी कहानी है जिसने पूरे शहर को सन्न कर दिया है। जिस घर में महज कुछ दिनों बाद यानी 5 दिसंबर को बेटे सुयश के सिर पर सेहरा सजने वाला था और शहनाइयां बजने वाली थीं, वहां आज मातम का पहाड़ टूट पड़ा है। सोमवार को हुई इस खूनी वारदात में शिवाजी तिवारी, उनके छोटे भाई शिवेंद्र उर्फ शंभू तिवारी और बेटे सुयश की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। पोस्टमार्टम के बाद जब तीनों के शव एक साथ घर पहुंचे, तो परिजनों की चीख–पुकार से पूरा मोहल्ला दहल उठा। गुलाला घाट पर अंतिम संस्कार के लिए ले जाने



से पहले घर के बाहर रखीं तीन अर्थियों ने हर देखने वाले की आंखें नम कर दीं। मृतक शिवेंद्र तिवारी की पत्नी रुचि तिवारी बताया कि सोमवार सुबह करीब 10रू35 बजे शुरू हुआ। शिवेंद्र जब मॉर्निंग वॉक के लिए निकल रहे थे, तभी आरोपी राजेश शुक्ला, ऋषभ शुक्ला, गिरीश शुक्ला, दिनेश शुक्ला, मुन्ना बाबू और अन्य लोगों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। आरोपियों ने पहले तो गाली–गलौज की और फिर लाठी–डंडों व पत्थरों से हमला बोल दिया। चीख–पुकार सुनकर जब शिवाजी तिवारी और उनका बेटा सुयश बीच–बचाव करने पहुंचे, तो दबंगों ने उन्हें भी दबोच लिया। तीनों की बेदर्दी से पिटाई करने के बाद आरोपियों ने उन्हें गोली मार दी और एक ही पल में परिवार के तीन चिराग बुझा दिए। हत्याकांड की खबर फैलते ही लोगों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। देखते ही देखते मौके पर करीब 1500 लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोपियों को फांसी देने, उनके अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने व एनकाउंटर करने की मांग रखी। भीड़ का गुस्सा इस कदर था कि पूरे इलाके में भारी तनाव बन गया। इस तिहरे हत्याकांड ने लखनऊ पुलिस की चौकसी पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक शिवाजी तिवारी की बहन रेखा ने सीधे तौर पर पुलिस से पूछा कि जब आरोपी राजेश शुक्ला को जिला बदर घोषित किए जाने की बात कही जा रही थी, तो वह खुलेआम थाने में और इलाके में कैसे घूम रहा था? उन्होंने मांग की कि जिम्मेदार पुलिसकर्मियों को भी जेल के अंदर भेजा जाना चाहिए। लोगों के भारी विरोध और मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत कदम उठाया और लापरवाही के आरोप में चौकी प्रभारी अजय कुमार चौरसिया तथा इंस्पेक्टर संतोष आर्या को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। मृतक शिवेंद्र तिवारी की बेटी सुमेधा तिवारी ने बताया कि इस वारदात से दो घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं। उन्होंने कहा, ष्मेरी मांग है कि प्रताड़ित दोनों परिवारों को योगी सरकार की तरफ से 1–1 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी जाए। इसके साथ ही, मेरे पिता स्व. शिवेंद्र तिवारी की पत्नी (मेरी मां) को जीवन यापन के लिए सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए।

50 हजार से अधिक पत्थरों से साकार हुई 24 फीट ऊंची भव्य हनुमान प्रतिमा

फन रिपब्लिक मॉल, लखनऊ में विधायक डॉ. नीरज बोरा ने किया भव्य प्रतिमा का अनावरण

लखनऊ,संवाददाता। लखनऊ के फन रिपब्लिक मॉल परिसर में मंगलवार को श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिक भावनाओं से जुड़ा एक अनूठा दृश्य देखने को मिला, जब भगवान श्री हनुमान जी की 24 फीट ऊंची और लगभग 600 किलोग्राम वजनी भव्य प्रतिमा का उद्घाटन किया गया। विशेष आध्यात्मिक महत्व वाली इस प्रतिमा को 50 हजार से अधिक पत्थरों से तैयार किया गया है, प्रतिमा पर राम राम नाम अंकित होने से प्रतिमा का स्वरूप विराट प्रतीत होता है। प्रतिमा का अनावरण विधायक डॉ. नीरज बोरा द्वारा किया गया। लखनऊ में स्थापित यह भव्य प्रतिमा श्रद्धालुओं और आगंतुकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनने जा रही है'पत्थर पर 'राम–राम', इसलिए प्रतिमा अपने आप में विशेष' इस प्रतिमा की सबसे बड़ी आध्यात्मिक विशेषता यह है कि इसके निर्माण में इस्तेमाल किए गए 50 हजार से अधिक पत्थर हैं और प्रतिमा पर 'राम–राम' नाम भी अंकित किया गया है। भगवान श्री हनुमान को प्रभु श्रीराम का अनन्य भक्त माना जाता है और इसी भक्ति भाव को प्रतिमा के पत्थर में समाहित करने का प्रयास किया गया है।इस दृष्टि से यह केवल एक विशाल प्रतिमा नहीं, बल्कि राम नाम और हनुमान भक्ति के आध्यात्मिक भाव को अभिव्यक्त करने वाली एक अनूठी कलाकृति है।30 दिनों में तैयार हुई भव्य प्रतिमा प्रतिमा को तैयार करने में लगभग 30 दिनों का समय लगा। इसके निर्माण में देश के अलग–अलग राज्यों से विशेष पत्थर मंगाए गए। पत्थरों को आकार देने, काटने और उन पर बारीक नक्काशी करने में लगभग 10 दिन का समय लगा।प्रतिमा को अंतिम स्वरूप देने के लिए अलग–अलग राज्यों से आए 20 से 25 कुशल कारीगरों ने मिलकर कार्य किया। कारीगरों की मेहनत, पारंपरिक शिल्पकला और आधुनिक तकनीकी सहयोग से भगवान श्री हनुमान जी की इस भव्य प्रतिमा को आकार दिया गया।24 फीट ऊंची प्रतिमा बनी विशेष आकर्षण फन रिपब्लिक मॉल प्रबंधन के अनुसार, 24 फीट ऊंची यह प्रतिमा किसी भी संस्थान या परिसर में स्थापित एशिया की सबसे बड़ी हनुमान प्रतिमा होने का दावा रखती है। साथ ही, इससे पहले किसी एशियाई मॉल परिसर में इस तरह की इतनी विशाल हनुमान प्रतिमा स्थापित किए जाने का उदाहरण सामने नहीं आया है।प्रतिमा की इसी विशिष्टता के चलते इसे ेपं ठववा वत्मिबवतके और प्दकपं ठववा वत्मिबवतके में दर्ज किया गया है।फन रिपब्लिक मॉल के लिए सौभाग्य का अवसर फन रिपब्लिक मॉल प्रबंधन ने कहा कि भगवान श्री हनुमान जी के इस भव्य स्वरूप को अपने परिसर में स्थापित कर पाना उनके लिए सौभाग्य और गर्व की बात है। प्रबंधन के अनुसार, यह प्रयास केवल मॉल परिसर को आकर्षक बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति, सनातन आस्था और आध्यात्मिक विरासत को लोगों के बीच जीवंत रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास है।

योगी कैबिनेट का बड़ा फैसला

कंपनियों के मर्जर-डीमर्जर पर स्टांप शुल्क के नियम बदलेंगे, मंत्रिमंडल ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश में कंपनियों के विलय (मर्जर) और विभाजन (डी–मर्जर) की प्रक्रिया आसान बनाने के लिए योगी सरकार ने कदम उठाया है। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कंपनियों के विलय और विभाजन से संबंधित नियमावली के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इसके तहत कंपनियां निर्धारित स्टांप शुल्क देकर स्टांप एवं पंजीयन विभाग में पंजीकरण करा सकेंगी। हालांकि, व्यवस्था लागू होने से पहले केंद्र सरकार की मंजूरी जरूरी होगी। प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय शुल्क तथा पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने बताया कि गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में ऐसी व्यवस्था पहले से लागू है। उत्तर प्रदेश में इसकी व्यवस्था नहीं होने के कारण उद्यमियों को कंपनियों के विलय और विभाजन के पंजीकरण में परेशानी होती थी। रविंद्र जायसवाल के मुताबिक, यदि कोई कंपनी दो या चार हिस्सों में विभाजित होती है अथवा कई कंपनियों का एक कंपनी में विलय होता है, तो शेयर मूल्य पर 0.5 फीसदी स्टांप शुल्क देकर स्टांप एवं पंजीयन विभाग में पंजीकरण कराया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि कंपनी के पास संपत्ति होने की स्थिति में स्टांप ड्यूटी की गणना के लिए दो प्रतिशत सर्किल रेट के बराबर शुल्क और 0.5 फीसदी की दर में से जो अधिक होगा, उसका भुगतान करना होगा। जायसवाल ने कहा कि अभी कंपनी का पंजीकरण कंपनी रजिस्ट्रार के पास होता है, लेकिन विलय और विभाजन के बाद पंजीकरण के लिए स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी। नई व्यवस्था से इस प्रक्रिया में सुविधा मिलने की उम्मीद है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि यह विषय समवर्ती सूची में आता है, इसलिए केंद्र और राज्य दोनों इस पर कानून बना सकते हैं। प्रस्ताव को लागू करने के लिए भारतीय स्टांप अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता होगी। पहले इसे राज्य विधानमंडल के समक्ष रखा जाएगा और फिर मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। केंद्र की स्वीकृति मिलने के बाद ही नई व्यवस्था लागू हो सकेगी।

ट्रिपल मर्डर कांड में बड़ी कार्रवाई, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी निलंबित, शव घर पहुंचते ही मची चीख–पुकार

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सआदतगंज क्षेत्र में कार खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में एक परिवार के तीन सदस्यों की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने संबंधित थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। लखनऊ पुलिस ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि सोमवार को हुई घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त ने थाना प्रभारी संतोष कुमार आर्य और कश्मीरी मोहल्ला चौकी प्रभारी अजय कुमार चौरसिया को निलंबित कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, मारे गए



लोगों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के जिला सह–कार्यवाह शिवाजी तिवारी भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि घटना के बाद भाजपा नेताओं और आरएसएस से जुड़े लोगों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। परिजनों ने न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उसने बताया कि मामले के आरोपी ऋषभ शुक्ला (30) को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से कथित तौर पर वारदात में इस्तेमाल की गई पिस्तौल और चार खोखे बरामद किए गए हैं। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए अदालत में पेश किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, सआदतगंज के नौबस्ता स्थित ब्राह्मणी टोला में सोमवार को एक खाली भूखंड पर कार खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान हुई गोलीबारी में तिवारी परिवार के शिवाजी तिवारी, शिवेंद्र तिवारी (55) और सुयश तिवारी (30) की मौत हो गई। उसने बताया कि शिवेंद्र तिवारी की पत्नी रुचि तिवारी की शिकायत पर आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटनास्थल पर पहुंचे भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के महासचिव अभिजात मिश्रा ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए पूरे थाने के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

संक्षिप्त

बीजेपी को बड़ा झटका, 2 बार के पूर्व सांसद ने थामा समाजवादी पार्टी का दामन

लखनऊ उत्तर प्रदेश की आवंला (बरेली) लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के दो बार सांसद रहे धर्मेंद्र कुमार कश्यप मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) में शामिल हो गए। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री कश्यप ने लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की मौजूदगी में आधिकारिक रूप से सपा की सदस्यता ली। कश्यप अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से आते हैं। सूत्रों ने बताया कि कश्यप को राज्यसभा का टिकट मिलने की उम्मीद थी, लेकिन उनका नाम सूची में शामिल नहीं किया गया। भाजपा ने बरेली जिले से ही पशुधन व दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री व झारखंड के पूर्व राज्यपाल संतोष गंगवार की बेटी श्रुति गंगवार को उम्मीदवार बनाया, जो राज्यसभा में निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। अखिलेश यादव की मौजूदगी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कश्यप ने कहा कि राज्य में खराब कानून–व्यवस्था के कारण लोग भाजपा सरकार से तंग आ चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर उनकी अपनी जाति के लोगों पर नहीं चलता, बल्कि गरीबों को निशाना बनाया जाता है। अखिलेश यादव ने कश्यप का सपा में स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से पार्टी मजबूत होगी। उत्तर प्रदेश के लिए भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवारों की घोषणा के बाद, सात अक्टूबर को कश्यप ने फेसबुक पर समुद्र किनारे सूर्यास्त की एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिस पर टाटा बाय–बाय लिखा था। इसके बाद उनके समाजवादी पार्टी में वापस लौटने की अटकलें लगाई जाने लगी थीं। कश्यप को रुहेलखंड (उत्तर–पश्चिमी उत्तर प्रदेश) में कश्यप समुदाय के प्रमुख राजनीतिक चेहरों में से एक माना जाता है। वह मई 2013 में सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। वह 2014 तथा 2019 में लोकसभा में आंवला निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें आंवला सीट से बहुत कम अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। उत्तर प्रदेश में अगले साल के शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

प्रधानमंत्री के पिता पर विवादित टिप्पणी को लेकर मल्लिकार्जुन के विरुद्ध हजरतगंज थाने में दी तहरीर

लखनऊ,संवाददाता। योगी सेना (भारत) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहित मिश्रा ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पिता के खिलाफ की विवादित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग को लेकर यहां हजरतगंज कोतवाली में शिकायत दर्ज करायी है। आज दोपहर आक्रोशित कार्यकर्ताओं के साथ हजरतगंज कोतवाली पहुंचे मोहित मिश्रा ने शिकायती प्रार्थनापत्र सौंपा। दिये गये शिकायती पत्र में मोहित मिश्रा ने उल्लेख किया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त सूचना के अनुसार बीते 25 अक्टूबर को एक सार्वजनिक सभा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के पूज्य पिताजी के संबंध में अभद्र एवं हेट स्पीच की श्रेणी में आने वाली टिप्पणी की गई, जिसमें गाली–गलौज जैसे शब्दों का प्रयोग किया जाना बताया गया है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि देश के संवैधानिक प्रमुख के परिवार पर इस प्रकार की टिप्पणी पूर्णतया अनुचित है, जिससे सनातन समाज की भावनाएं आहत हुई। शिकायती पत्र सौंपने के बाद मोहित मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने शिकायती पत्र प्राप्त कर आवश्यक विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

महिला प्रो वॉलीबॉल लीग के लिये खिलाड़ियों की नीलामी

इकाना स्टेडियम में 11 नवम्बर से होगी लीग

लखनऊ,संवाददाता। अगले माह इकाना स्टेडियम में 11 से 21 नवंबर तक होने जा रही पहली महिला प्रो वॉलीबॉल लीग के सीजन–1 के ऑक्शन में छह फ्रेन्चाइजियों ने कुल 78.85 लाख में 66 खिलाडियों को खरीदा है। वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया से संबद्ध भारत की पहली पेशेवर महिला वॉलीबॉल लीग के लिये हुये खिलाडियों के ऑक्शन के दौरान नीलामी में डॉ. आर.पी. सिंह मुख्य अतिथि और सरोजिनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। नीलामी में प्रमुख खिलाडियों में नघा राधाकृष्णन बेंगलुरु थंडर्स, शालिनी सरवनन मुंबई डॉल्फि+फन्स, आयुषी भंडारी राजस्थान क्वींस, रोली पाठक लखनऊ शाही वॉरियर्स, अनुश्री के पी हैदराबाद हैरियर्स और जूही शॉ पंजाब शेरनीज की हिस्सा बनीं। ऑक्शन में पाँच खिलाड़ियों ने दिन की सबसे ऊँची 2.5 लाख की बोली छुई। पंजाब शेरनीज ने कविता को अपने नाम किया, बेंगलुरु थंडर्स ने अन्ना मैथ्यू और एझिलमथी डी पी दोनों को अपनी टीम में शामिल किया, जबकि राजस्थान क्वींस ने शिल्पा आर एस को चुना और मुंबई डॉल्फिन्स ने प्रेरोना पाल की रेस जीती। हैदराबाद हैरियर्स ने सेटर नंदना वी पर 2.4 लाख की तेज बोली लगाई, जबकि लखनऊ शाही वॉरियर्स ने अनामिका पी को 1.8 लाख में अपनी सबसे बड़ी खरीद बनाया। सबसे खुलकर खर्च किया। बेंगलुरु थंडर्स ने, 15 लाख के नीलामी बजट में से पूरे 13. 9 लाख खर्च किये। कुश्ती चौंपियन और डब्ल्यूपीवीएल के ब्रांड एंबेसडर संग्राम सिंह मालिकों के साथ मंच पर पहुँचे। नीलामी का आयोजन पावरस्पाइक इंटरनेशनल ने और प्रबंधन एक्सपीरिया ग्रुप ने किया। डब्ल्यूपीवीएल की संस्थापक श्रीमती रितु शाही ने कहा आज भारत की महिला वॉलीबॉल खिलाड़ियों के पास आखरिकार अपनी लीग है। सीजन 1 तो बस शुरुआत है। हम एक ऐसी स्थायी राह बनाना चाहते हैं जो हर साल बढ़े और देश भर की युवा लड़कियों को वॉलीबॉल उठाने के लिए प्रेरित करे।

दीपोत्सव में दिखाई देती है श्री राम नगरी के पुनर्वैभव की सबसे मनोहारी अभिव्यक्ति

लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 के पश्चात प्रारम्भ हुए दीपोत्सव को लेकर अपने भाव व उत्साह प्रदेशवासियों से साझा किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि सप्तपुरियों में श्रेष्ठ श्री अयोध्या धाम अपने 10वें भव्य–दिव्य दीपोत्सव के स्वागत में पुलकित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव का वर्णन करते हुए लिखा कि लाखों दीपों की अलौकिक आभा से जगमगाते सरयू तट, रामायण के प्रसंगों को जीवंत करती मनोहारी झांकियां, भव्य शोभायात्राएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां इस महोत्सव में त्रेतायुग की स्मृतियों को फिर से जीवंत करेंगी।

चीनी के स्टॉक की निर्धारित सीमा से अधिक भंडारण पर रोक, नियमित जांच के लिए तहसीलवार समितियां गठित

जिलाधिकारी संजय चौहान ने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं दैनिक कार्रवाई रिपोर्ट उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर -: भारत सरकार द्वारा चीनी के भंडारण एवं स्टॉक की सीमा निर्धारित किए जाने के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनपद में चीनी के स्टॉक होल्डर्स, डीलर्स एवं चीनी मिलों के स्टॉक की नियमित जांच और निगरानी के लिए तहसीलवार समितियों का गठन किया है।जिलाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 28 जुलाई 2026 को जारी अधिसूचना को संशोधित करते हुए 06 अक्टूबर 2026 को नई अधिसूचना जारी की गई है। इसके अनुसार चीनी का कोई भी डीलर किसी स्टॉक की प्राप्ति की तारीख से 15 दिनों से अधिक अवधि तक उसका भंडारण नहीं कर सकेगा। साथ ही कोलकाता एवं उसके विस्तारित महानगरीय क्षेत्रों तथा असम राज्य को छोड़कर देश में किसी भी स्थान पर एक समय में 1000 क्विंटल से अधिक चीनी का स्टॉक नहीं रखा जा सकेगा। कोलकाता एवं उसके विस्तारित महानगरीय क्षेत्रों तथा असम राज्य में यह सीमा 2000 क्विंटल निर्धारित की गई है। यह व्यवस्था 15 अक्टूबर 2026 से प्रभावी है।निर्धारित व्यवस्था का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए जनपद की तहसील पडरौना, खड्डा, तमकुहीराज, कप्तानगंज, कसया एवं हाटा में अलग-अलग समितियां गठित की गई है। समितियों में संबंधित उपजिलाधिकारी, राज्य कर अधिकारी, विपणन निरीक्षक, पूर्ति निरीक्षक तथा गनन विकास विभाग के अधिकारियों को नामित किया गया है।जिलाधिकारी ने गठित समितियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में चीनी स्टॉक होल्डर्स, डीलर्स एवं चीनी मिलों आदि की नियमित जांच एवं भौतिक निरीक्षण सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान निर्धारित स्टॉक सीमा एवं भंडारण अवधि का अनुपालन कराया जाए तथा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाए।उन्होंने निर्देश दिए है कि समितियां निरीक्षण एवं की गई कार्रवाई की सूचना प्रतिदिन जिला खाद्य विपणन अधिकारी, कुशीनगर के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि शासन के निर्देशों का प्रभावी अनुपालन एवं चीनी के स्टॉक की सतत निगरानी की जा सके।

ऑपरेशन कन्विक्शनः गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त को 4 वर्ष का सश्रम कारावास, 20 हजार रुपये का जुर्माना

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगरः पुलिस महानिदेशक द्वारा अपराधियों को सजा दिलाने के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में जिला मॉनिटरिंग सेल और थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी के चलते अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के एक पुराने मामले में अभियुक्त को 4 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला थाना सिद्धार्थनगर से संबंधित वर्ष 2002 के मुकदमा अपराध संख्या 320 व 321, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) का है। वाद संख्या 90/2012 की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश / त्वरित न्यायालय-द्वितीय (गैंगस्टर एक्ट) मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अभियुक्त गौतम भट्ट, पुत्र श्यामनारायण भट्ट, निवासी ग्राम महनगा (थाना व जनपद सिद्धार्थनगर) को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोषी को 4 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया। इस मामले में अभियुक्त को सजा के मुकाम तक पहुंचाने में जिला मॉनिटरिंग सेल के साथ-साथ अभियोजक नीरज श्रीवास्तव और न्यायालय पैरोकार आरक्षी दुर्गेश गुप्ता की सक्रिय व प्रभावी पैरवी की मुख्य भूमिका रही, जिसके लिए उनके योगदान की सराहना की गई है।

ओवरलोड और अवैध वाहनों पर परिवहन विभाग सख्त,नियम तोड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : चम्पा लाल

डा0 एम ए तोमर

मुजफ्फरनगर।सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए परिवहन विभाग ने अवैध रूप से संचालित और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है।चेकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान किए जा रहे हैं जबकि गंभीर अनियमितताएं मिलने पर वाहनों को सीज भी किया जा रहा है।एआरटीओ प्रवर्तन चम्पा लाल ने बताया कि ओवरलोडिंग और बिना वैध दस्तावेजों के वाहन चलाना सड़क हादसों का प्रमुख कारण बन सकता है।ऐसे वाहन न केवल चालक और उसमें सवार लोगों के लिए खतरा पैदा करते हैं बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की सुरक्षा को भी जोखिम में डालते हैं। इसी के मद्देनजर परिवहन विभाग की ओर से नियमित रूप से चेकिंग अभियान



चलाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक चालक की जिम्मेदारी है।दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और कार में सीट बेल्ट का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से करना चाहिए।इसके साथ ही निर्धारित गति सीमा का पालन करने और वाहन के सभी जरूरी कागजात साथ रखने की भी अपील की गई।चम्पा लाल ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।ओवरलोडिंग,अवैध संचालन और यातायात नियमों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर भारी वाहनों की अधिक आवाजाही के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।ऐसे में परिवहन विभाग की ओर से चलाया जा रहा चेकिंग अभियान महत्वपूर्ण है।लोगों को उम्मीद है कि नियमित कार्रवाई से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और सड़क हादसों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा।एआरटीओ प्रवर्तन चम्पा लाल ने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यातायात नियमों का पालन करें।उन्होंने कहा कि सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

पत्रकारों के लिए बड़ी राहत! अब परिवार समेत मिलेगा मुफ्त इलाज, आयुष्मान पोर्टल को हरी झंडी

एक सप्ताह में आयुष्मान कार्ड से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश, जिला सूचना कार्यालयों के अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश के मान्यता प्राप्त पत्रकारों और उनके आश्रितों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए राज्य स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा विकसित पोर्टल के संचालन को सूचना निदेशक विशाल सिंह ने मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जिला सूचना कार्यालयों को पात्र पत्रकारों के आवेदन, सत्यापन और कार्ड डाउनलोड करने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए है।

इस संबंध में सूचना निदेशालय के सभागार में सूचना निदेशक विशाल सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा एवं प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत विकसित पोर्टल की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा हुई। संचालन की सहमति मिलने के बाद राज्य स्वास्थ्य एजेंसी के अधिकारियों ने पोर्टल के उपयोग और आवेदन प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। मुख्यालय तथा प्रदेश के जिला सूचना कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऑनलाइन आवेदन, सत्यापन और आयुष्मान कार्ड डाउनलोड करने का प्रशिक्षण दिया गया।

सूचना निदेशक ने कहा कि पोर्टल को सरल और सुगम बनाया गया है, ताकि पात्र पत्रकारों और उनके आश्रितों को योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया में अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने सभी जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मान्यता प्राप्त पत्रकारों और उनके परिजनों के आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बने हैं, उनकी आवश्यक औपचारिकताएं एक सप्ताह के भीतर पूरी कर संबंधित विवरण पोर्टल पर दर्ज किया जाए। इसकी सूचना मुख्यालय को भी तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए और पात्र लाभार्थियों के मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक सतीश चन्द्र भारती, डॉ. जितेन्द्र प्रताप सिंह, अमित कुमार यादव सहित सूचना विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पत्रकारों के लिए महत्वपूर्ण पहल

पोर्टल के संचालन से पात्र मान्यता प्राप्त पत्रकारों और उनके आश्रितों के आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होने की उम्मीद है। हालांकि, योजना के अंतर्गत वास्तविक पात्रता, कार्ड जारी होने तथा निःशुल्क उपचार की सुविधा संबंधित नियमों और सत्यापन प्रक्रिया के अधीन होगी।

कुशीनगर मे रसोइयों को बिना शिकायत हटाने का आरोप, डीएम से गुहार

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर -: विकास खंड विशुनपुरा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों की रसोइयों ने प्रधानाचार्य पर बिना किसी शिकायत के मनमाने तरीके से पद से हटाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी कुशीनगर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

प्रार्थिनी मंजू देवी पतने हरिमोहन पासवान निवासी कंठीछपरा दोपही टोला पोस्ट किन्तरपट्टी थाना जटहां बाजार तहसील पडरौना ने दो अलग-अलग प्रार्थना पत्रों में बताया कि वह वर्ष 2014 से प्राथमिक विद्यालय कंठीछपरा दोपही टोला में रसोइया के पद पर कार्यरत है। वह मीनू के अनुसार प्रतिदिन ताजा भोजन बनाकर बच्चों को खिलाती आ रही है। उसके खिलाफ आज तक किसी अध्यापक, बच्चे या अभिभावक ने कोई शिकायत नहीं की है। इसके बावजूद वर्तमान प्रधानाचार्य फूलबदन ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए उसे हटाकर दूसरी रसोइया की नियुक्ति कर दी है, जिससे उसके परिवार के भरण पोषण पर संकट खड़ा हो गया है। 08.10.2026 को दिए प्रार्थना पत्र पर बीईओ जांच में आए तो उन्होंने कहा कि इस महीने काम करो अगले महीने से मत आना।

वहीं तीसरा मामला ग्राम पोस्ट बलुआ धूमनगर माधी कोतिलवा



ब्लॉक विशुनपुरा की रीना पतने मैनेजर का है। रीना ने बताया कि उसने 06.10.2026 को डीएम को प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर डीएम के आदेश पर बीएसए ने जांच कर उसे रखने का आदेश दिया, लेकिन प्रधानाचार्य कह रहे है कि जिलाधिकारी का लिखित आदेश लाओ तभी भोजन बनाने देंगे।

पीड़ित रसोइयों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले का संज्ञान लेकर प्रधानाचार्य को लिखित आदेश देकर उन्हें पूर्व की भांति रसोइया पद पर कार्य करने दिया जाए।

पटहेरवा में हत्या के मामले में दो गिरफ्तार, एक बाल अपचारी अभिरक्षा में, आलाकत्ल डंडा बरामद

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

पटहेरवा, कुशीनगर। थाना पटहेरवा क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा आलाकत्ल भी बरामद कर लिया गया है।पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जयन्त यादव के नेतृत्व में चलाए जा रहे अपराधियों



के विरुद्ध अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।थाना पटहेरवा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 295/2026 धारा 115(2), 352, 351(3), 103(1), 3(5) बीएनएस के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है।घटना के संबंध में बताया गया कि वादिनी के चचिया ससुर नबी और चचिया सास तजरुन अपनी बहू के मायके ग्राम अशोगवा बुजुर्ग टोला रुनिहवा थाना पटहेरवा में अपनी नतनी को लेने गए थे। वहां अभियुक्तों ने नतनी को भेजने से मना करते हुए गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। सूचना पाकर जब वादिनी के पति इब्राहिम, भसुर हैदर और चचेरे ससुर शाकिर वहां पहुंचे तो अभियुक्तों ने जान से मारने की नीयत से लाठी डंडों और लात घूंसों से हमला कर दिया। इस मारपीट में इब्राहिम को गंभीर चोटें आई, जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों में इस्लाम मंसूरी पुत्र स्व0 मोहम्मदीन मंसूरी और आफताब मंसूरी उर्फ सोनू पुत्र इस्लाम मंसूरी, दोनों निवासी ग्राम अशोगवा बुजुर्ग टोला रुनिहवा थाना पटहेरवा के रहने वाले है।

पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, उ0नि0 राजेन्द्र सिंह यादव, उ0नि0 प्रियांशु राय, उ0नि0 विशाल कुमार, का0 नंदकिशोर शर्मा और म0का0 अर्चना भारती शामिल रहे।

एनजीटी के आदेशों की धज्जियां उड़ा रही नगर पंचायत बढ़नीः कूड़ा निस्तारण केंद्र शोपीस, नहर की पटरियों पर कचरे में लगाई जा रही आग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। नगर पंचायत बढ़नी में स्वच्छता और ठोस कचरा प्रबंधन के तमाम सरकारी दावे धरातल पर पूरी तरह हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। कस्बे में लाखों रुपये की लागत से कूड़ा निस्तारण व रीसाइक्लिंग केंद्र बाकायदा स्थापित होने के बावजूद नगर प्रशासन की लापरवाही का आलम यह है कि कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण करने के बजाय उसे खुलेआम सार्वजनिक स्थलों पर फूंका जा रहा है। कभी मिल कॉलोनी तो कभी घनी आबादी से सटी राप्ती मुख्य नहर की पटरियों पर कूड़े का अंबार लगाकर उसमें आग झोंक दी जाती है। इस आग से उठने वाले भयंकर काले और जहरीले धुएं के कारण पूरे क्षेत्र का वायुमंडल गंभीर रूप से प्रदूषित हो रहा है, जिससे आसपास के बाशिंदों का दम घुटने लगा है और बुजुर्गों व बच्चों में लगातार खांसी व सांस लेने की गंभीर तकलीफें पैदा हो रही है। हालात उस वक्त और भी भयावह



हो जाते है जब आबादी से सटी राप्ती मुख्य नहर की पटरियों और राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 730) के समीप कचरा जलाया जाता है। यहां से उठने वाले घने धुएं का गुबार सीधे हाईवे तक फैल जाता है, जिससे मार्ग पर दृश्यता बेहद कम हो जाती है। इस मार्ग से गुजरने वाले पैदल यात्रियों, बाइक सवारों और वाहन चालकों का सांस लेना व आगे बढ़ना तक दूभर हो जाता है, जिससे हर पल किसी बड़े सड़क हादसे का अंदेशा बना रहता है। गौरतलब है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत खुले में कूड़ा और प्लास्टिक जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित व दंडनीय अपराध है, जिसके उल्लंघन पर भारी पर्यावरण मुआवजे और जिम्मेदारों पर विधिक दंडात्मक कार्रवाई का सख्त प्रावधान है। इसके अलावा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम और जनस्वास्थ्य को खतरे में डालने के तहत यह कृत्य सीधे तौर पर कानून का खुला उल्लंघन है। इसके बावजूद जिम्मेदार तंत्र अपनी आंखें मूंदे बैठा है और कूड़ा निस्तारण केंद्र को महज शोपीस बनाकर एनजीटी की गाइडलाइंस की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।इस गंभीर जनसमस्या और एनजीटी नियमों के खुले उल्लंघन के संबंध में जब अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बढ़नी तथा उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ से उनका पक्ष जानने के लिए दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो फोन नहीं उठ पाने के कारण उनसे संपर्क नहीं हो सका और उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो पाया।

अर्नब तूफान को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, जनपदवासियों से की अपील, सावधानी बरतें, सुरक्षित रहें

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के क्रम में बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान अर्नब के जनपद में संभावित प्रभाव को लेकर जनहानि एवं संपत्ति की क्षति से बचाव के लिए आमजन से सावधानियां बरतने की अपील की हैः- जिलाधिकारी ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार अर्नब चक्रवात के कारण 29 व 30 अक्टूबर को जिले में मौसम खराब रहेगा तथा तूफानी हवाओं के साथ बारिष की प्रबल संभावना है। ऐसी स्थिति में जनसामान्य अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। कच्चे एवं जर्जर भवनों में निवास न करें बल्कि समय रहते सुरक्षित स्थानों पर षिफ्ट हो जायें तथा मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी चेतावनियों एवं एडवाइजरी का पालन करें। अत्यधिक बारिश के दौरान नदी, नाले, तालाब एवं जलभराव वाले क्षेत्रों के आसपास जाने से बचें।

आमजन से अपीलः

आंधी-तूफान व खराब मौसम में क्या करें:-

1. घर के अंदर सुरक्षित स्थान पर रहें - पक्के मकान में रहें। जर्जर कच्चे मकान व दीवारों से दूर रहें व खिड़की-दरवाजे बंद कर लें।

2. बिजली के उपकरण बंद रखें - टीवी, फ्रिज, कंप्यूटर का प्लग निकाल दें। बिजली जाने पर मेन स्विच ऑफ कर दें।

3. आवश्यक सामान तैयार रखें - टार्च, मोबाइल, पावर बैंक, जरूरी दवाएं, पीने का पानी एवं सूखा राशन साथ रखें।

4. मौसम की जानकारी लेते रहें - रेडियो, टीवी एवं जिला प्रशासन की आधिकारिक सूचना पर ध्यान दें।

5. पशुओं को सुरक्षित स्थान पर बांधें - मवेशियों को खुले में न छोड़ें।

6. कृषक बन्धु अपनी फसलों को यथा संभव सूखे/सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का प्रयास करें एवं यथासंभव समय रहते हार्वेस्टिंग का कार्य करा लें ताकि क्षति न हो।

खराब मौसम में क्या न करें:-

1. पेड़, बिजली के खंभे एवं विज्ञापन होर्डिंग के नीचे न खड़े हों- तेज हवा में गिरने का खतरा रहता है।

2. खुले स्थान पर न निकलें- आकाशीय बिजली गिरने की संभावना रहती है। खेत में काम न करें।

3. जलभराव वाले स्थान, नदी-नाले एवं पुलों से दूर रहें- तेज बहाव में बहने का खतरा रहता है।

4. गीले हाथों से बिजली के स्विच न छुएं- शार्ट सर्किट से बचें।

5. छत पर कपड़े सुखाने न जाएं- तेज हवा में गिरकर चोट लग सकती है।

6. अफवाह न फैलाएं- केवल सरकारी सूचना पर विश्वास करें।

7. तूफान/बारिश के दौरान अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल अधिकृत सरकारी स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं पर भरोसा करें।

वाहन चालकों के लिए विशेष निर्देशः-

1. वाहन की गति धीमी रखें और हेडलाइट जलाकर चलें।

2. खराब मौसम में अनावश्यक यात्रा से बचें।

3. सड़क पर गिरे पेड़ या तार दिखने पर तुरंत 1070 या 112 पर सूचना दें।

जिलाधिकारी ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार जनपद में 29 व 30 अक्टूबर तक बारिश, आंधी-तूफान एवं बिजली कड़कने की संभावना है। इसलिए जनसामान्य सुरक्षा उपायों को अपनाएं तथा जिला प्रशासन एवं मौसम विभाग द्वारा जारी की जाने वाली एडवाइजरी का पालन करें तथा सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आने वाले चक्रवाती तूफान को लेकर अलर्ट मोड पर है। उन्होंने अपील की है कि घबराएं नहीं, सतर्क रहें और सुरक्षित रहें तथा किसी भी आपदा में जिला प्रशासन की मदद प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनसामान्य को पहले से अलर्ट करें तथा सतर्क रहें एवं किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव का कार्य सुनिश्चित करेंगें। जिला प्रशासन की अपील है कि सभी नागरिक सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और प्रशासन का सहयोग करें तथा जारी किए जाने वाले एलर्ट्स को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं ताकि संभावित किसी भी क्षति को न्यूनतम किया जा सके।

'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली संविधान और लोकतंत्र बचाने का प्रयासः प्रकाश प्रधान

कांग्रेस की बैठक एवं प्रेस वार्ता में एक नवंबर को दिल्ली पहुंचने का आह्वान, राहुल गांधी के समर्थन में जुटने की अपील

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' के निर्देशानुसार तथा जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित एवं शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय पर पदाधिकारियों की बैठक और प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें एआईसीसी ऑब्जर्वर आरसी चौधरी एवं पीसीसी ऑब्जर्वर प्रकाश प्रधान ने एक नवंबर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली को लेकर कांग्रेस की रणनीति और उद्देश्य की जानकारी दी।प्रेस वार्ता में प्रकाश प्रधान एवं आरसी चौधरी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा विपक्षी इंडिया गठबंधन ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के उद्देश्य से 'वोट बचाओ, देश बचाओ' जन मार्च एवं महारैली का आह्वान किया है। उन्होंने कहा



कि इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी उठाई जाएगी। दोनों नेताओं ने कहा कि यह महारैली केवल कांग्रेस पार्टी का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि देश के प्रत्येक उस नागरिक की भागीदारी जरूरी है, जिसे मतदान का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने भाजपा पर चुनावों में वोट चोरी के आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मताधिकार की रक्षा करना बेहद आवश्यक है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक होकर इस अभियान में भागीदारी करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रहे है। देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक व्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिए सभी कांग्रेसजनों को एकजुट होकर उनके साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने पत्रकारों के माध्यम से आम नागरिकों से भी एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचकर महारैली में भाग लेने की अपील की। बैठक के दौरान दोनों पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को समर्थन देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मताधिकार की रक्षा और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जनभागीदारी महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव, प्रदेश प्रवक्ता प्रेरणा जुबैरी, पीसीसी सदस्य कोमल सिंह कुशवाहा, प्रमोद शंखवार, अरुण यादव, अरशद अली, जिला उपाध्यक्ष संजय दोहरे, सेवादल शहर प्रमुख सरवर अली, आसाराम कठेरिया, अंसार अहमद, तेजस्व शुक्ला, प्रदीप द्विवेदी एवं अमन तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मान्यता प्राप्त पत्रकारों को कैशलेस इलाज की सुविधा हेतु आयुष्मान पोर्टल होगा शुरू

एक सप्ताह में पत्रकारों और उनके आश्रितों का विवरण पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत मान्यता प्राप्त पत्रकारों और उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में नई पहल की गई है।सूचना निदेशक विशाल सिंह ने पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विकसित पोर्टल को शुरू करने की सहमति प्रदान की है।सूचना निदेशालय के सभागार में मंगलवार को सूचना निदेशक विशाल सिंह की अध्यक्षता में पोर्टल संचालन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इसमें स्टेट हेल्थ एजेंसी के अधिकारियों ने पोर्टल की कार्यप्रणाली का प्रस्तुतिकरण किया।इस दौरान मान्यता प्राप्त पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन,सत्यापन और कार्ड डाउनलोड करने की



प्रक्रिया का लाइव डेमो देकर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मुख्यालय और प्रदेश के सभी जिला सूचना कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।सूचना निदेशक ने कहा कि पोर्टल को सरल और सुगम बनाया गया है ताकि मान्यता प्राप्त पत्रकारों और उनके परिजनों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ जल्द मिल सके।उन्होंने सभी जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मान्यता प्राप्त पत्रकारों और उनके आश्रितों के आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बने हैं उनका विवरण सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए एक सप्ताह के भीतर पोर्टल पर अपलोड किया जाए।इसकी सूचना मुख्यालय को भी उपलब्ध कराई जाए जिससे आगे की कार्रवाई शीघ्र पूरी की जा सके।उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कार्यक्रम में वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह,सहायक निदेशक सतीश चन्द्र भारती,डा0 जितेन्द्र प्रताप सिंह,अमित कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

गोवंश की सेहत से समझौता नहीं, एक माह में सुधार का अल्टीमेटम

चाऊपुर गो आश्रय स्थल में कमजोर मिले गोवंश तो सख्त हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह, सचिव पर कार्रवाई और बीडीओ का वेतन रोकने के निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी। गोवंश का संरक्षण केवल संख्या तक सीमित नहीं, बल्कि उनकी सेहत और समुचित देखभाल भी प्रशासन की प्राथमिकता है। गो आश्रय स्थलों पर व्यवस्थाओं की हकीकत परखने निकले डीएम अंजनी कुमार सिंह को सोमवार को तहसील सदर, नकहा ब्लॉक के चाऊपुर गो आश्रय स्थल में कई गोवंश कमजोर मिले। इस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को दो टूक निर्देश दिए कि एक माह के भीतर गोवंश के स्वास्थ्य में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। साथ ही चेताया कि एक माह बाद वह स्वयं दोबारा निरीक्षण



कर व्यवस्थाओं और सुधार की स्थिति परखेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से सीवीओ डॉ दिनेश कुमार सचान मौजूद रहे।

530 गोवंश संरक्षित, भूसा-दाना की उपलब्धता भी परखी

तहसील लखीमपुर के अंतर्गत चाऊपुर गो आश्रय स्थल के औचक निरीक्षण के दौरान कुल 530 गोवंश संरक्षित मिले। इनमें 297 नर और 233 मादा गोवंश शामिल हैं। डीएम ने गोवंश की देखभाल, चारे की उपलब्धता और प्रबंधन व्यवस्था का जायजा लेने के साथ विभिनन पंजिकाओं का भी अवलोकन किया। मौके पर 131 कुंतल भूसा और 12 कुंतल दाना उपलब्ध मिला। आश्रय स्थल पर दिन की ड्यूटी हेतु 10 तथा चार रात्रि के लिए केयरटेकर कार्यरत है।

कमजोर गोवंश के स्वास्थ्य में सुधार पर जोर

निरीक्षण के दौरान कमजोर गोवंश मिलने पर डीएम ने क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी को उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोवंश को पर्याप्त पोषण उपलब्ध कराने, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और समुचित देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। एक माह बाद होने वाले पुनः निरीक्षण में सुधार की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

निगरानी में लापरवाही पर तय होगी जवाबदेही

गो आश्रय स्थल के पर्यवेक्षण में शिथिलता मिलने पर डीएम ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव मेहुल कुमार के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए, जबकि बीडीओ नकहा संगीता यादव का वेतन रोकने के निर्देश दिए। प्रशासनिक कार्रवाई के जरिए डीएम ने स्पष्ट संदेश दिया कि गोवंश संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष कुमार, ग्राम पंचायत के प्रशासक प्रतिनिधि तथा गो आश्रय स्थल के केयरटेकर मौजूद रहे।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज प्रदेश में प्रथम,सरकारी संस्थानों में जिला महिला चिकित्सालय अव्वल

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना समेत कई संस्थान सम्मानित

प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। भोपा रोड स्थित एक होटल में मंगलवार को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) का जनपद स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया।जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने ऑनलाइन अध्यक्षता की।निजी चिकित्सा संस्थानों की श्रेणी में मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि सरकारी संस्थानों में जिला महिला चिकित्सालय अव्वल रहा।नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना समेत कई संस्थानों और चिकित्सकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।निजी संस्थानों में मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के साथ आशीर्वाद नर्सिंग होम के डा0 हेमंत कुमार,आनंद हॉस्पिटल के डा0 करण मारवाह और विजयश्री हॉस्पिटल के डा0 विकास पंवार सम्मानित हुए।सरकारी संस्थानों में जिला महिला चिकित्सालय की ओर से चिकित्सा अधीक्षिका डा0 मुरली भास्कर तथा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना की ओर से



डा0 सोनू कश्यप ने सम्मान प्राप्त किया।इसके अलावा जिला चिकित्सालय मुजफ्फरनगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परसोली के डा0 विपुल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किथोड़ा के लिए जानसठ के चिकित्सा अधीक्षक डा0 अर्जुन सिंह तथा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरी के डा0 वालिया उस्मानी को भी सम्मानित किया गया।जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने ऑनलाइन संदेश में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने और मरीजों के स्वास्थ्य अभिलेखों का डिजिटलीकरण करने पर जोर दिया। सहारनपुर मंडल के अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डा0 लोकेश गुप्ता और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुनील तेवतिया ने मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन को स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता और पारदर्शिता के लिए महत्वपूर्ण बताया।लखनऊ से आए एबीडीएम के डिप्टी डायरेक्टर डा0 शशांक बसी ने पीपीटी के माध्यम से योजना की जानकारी दी।सम्मेलन में आईएमए मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष डा0पंकज सिंह,सचिव डा0 रवि नंदन त्यागी,वरिष्ठ फिजिशियन डा0 पंकज जैन, नानकी हॉस्पिटल के डा0 रविंद्र पाल और डा0 यश अग्रवाल,आयुष्मान भारत योजना के जिला प्रबंधक डा0 आकाश त्यागी तथा डीजीएम शौजब जैदी सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा0 विपिन कुमार ने आभार जताया।संचालन जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डा0 गीतांजलि वर्मा ने किया।

राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ आयोजित राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डाक्टर. शिवकुमार मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अगिन्होत्री रहे। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा जिले की कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया।जिलाध्यक्ष डाक्टर शिवकुमार मिश्रा ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि सूर्यकांत तिवारी जिलाउपाध्यक्ष, संतोष पांडेय जिला प्रवक्ता, आतमाराम मिश्रा जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, उत्कर्ष अगिन्होत्री जिलाउपाध्यक्ष, अनूप मिश्रा जिला उपाध्यक्ष अनुरूध चौधरी युवा जिलाध्यक्ष, अखिलेश तिवारी जिलाप्रवक्ता, अरूण प्रकाश मिश्रा एड., यथदन्त पांडेय जिलामहासचिव, रामविलास दोहरे, संजय दुबे ब्लाक अध्यक्ष, नंदकिशोर अगिन्होत्री जिलामहामंत्री, महेश दुबे जिलाउपाध्यक्ष, महिला कमेटी में अनुराधा दुबे महिला जिलाध्यक्ष, अनीता दुबे महामंत्री, राधा चौहान व अनीता यादव नगर महामंत्री, दायित्व सौंपा गया। पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अगिन्होत्री ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की एकता, आपसी सहयोग और जनसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यकर्ताओं की एकजुटता और सक्रिय भागीदारी से ही समाज के अधिकारों की रक्षा तथा जनहित के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सकता है।

रजत पदक विजेता प्रीति पाल का अहिल्याबाई चौक पर हुआ जोरदार स्वागत

प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। जापान में आयोजित एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीतकर देश और समाज का गौरव बढ़ाने वाली प्रीति पाल का मंगलवार को मुजफ्फरनगर पहुंचने पर अहिल्याबाई चौक पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान प्रीति पाल ने देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा पर नमन कर आशीर्वाद लिया। पाल समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने प्रीति पाल का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए उनकी उपलब्धि पर प्रसनन्ता जताई और बधाई दी।समाज के राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने कहा कि प्रीति पाल ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन के दम पर बार-बार पदक हासिल कर देश का मान बढ़ाया है।उनकी उपलब्धि से समाज के युवाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव विनय पाल,सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव दर्शन सिंह पाल,पवन पाल, रमेश पाल,राजू पाल,गुड्डू पाल,प्रमोद पाल,रामपाल, नितिन पाल,जॉनी पाल, अक्षय पाल,शिव कुमार, चरण सिंह,अनिल पाल, ऋषिपाल और नितिन अरोड़ा सहित सामाजिक संगठनों से जुड़े अनेक लोग मौजूद रहे।

संविधान संवाद कार्यशाला का राजकीय पुस्तकालय सभागार में हुआ आयोजन

विद्यार्थियों को संविधान के अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करेगी संविधान संवाद कार्यशालाः डा0 सत्येंद्र चौधरी

प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मंगलवार को राजकीय पुस्तकालय सभागार में संविधान संवाद अभियान के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित की गई।इसमें प्रधानाचार्यों और नोडल अधिकारियों को संविधान,मौलिक अधिकारों,कर्तव्यों तथा विद्यार्थियों को कानूनी रूप से जागरूक करने की जानकारी दी गई।कार्यशाला के मुख्य अतिथि सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि संविधान संवाद अभियान का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर ही युवा पीढ़ी को संविधान में निहित अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने संविधान निर्माण, मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया।? डीएवी डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. कुलदीप कुमार ने संविधान की प्रस्तावना, प्रधानाचार्यों के दायित्व और विद्यार्थियों के प्रति उनकी भूमिका पर विचार रखे।कॉलेज की प्राचार्य डा0 शैलजा सिंह ने इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के बीच विद्यार्थियों के शिक्षा से भटकने तथा अपराधों के प्रति जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया।पैरालीगल वॉलंटियर गौरव मलिक ने बाल विवाह,बाल श्रम,मानव तस्करी और पॉक्सो अधिनियम से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अधिकार के तहत प्रत्येक बच्चे को शिक्षा दिलाना माता-पिता, शिक्षकों और समाज की जिम्मेदारी है।कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डा0 रणवीर सिंह ने किया।उन्होंने संविधान संवाद अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यालयों में आयोजित होने वाली गतिविधियों के संबंध में प्रधानाचार्यों और नोडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।कार्यशाला में सनातन धर्म इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्यों ने भी विचार रखे।अंत में अतिथियों को पुस्तक भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

सूचना निदेशक विशाल सिंह की अध्यक्षता में E-PMJAY पोर्टल संचालन का प्रशिक्षण सम्पन्न

प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर-खीरी/ लखनऊ। सूचना निदेशालय के सभागार में सूचना निदेशक, विशाल सिंह की अध्यक्षता में स्टेट हेल्थ एजेंसी, आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (E-इर्श्ेंभ-) द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारों एवं उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा हेतु विकसित किए गए नवीन पोर्टल के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। सूचना निदेशक सिंह द्वारा पोर्टल को उद-थन किये जाने की सहमति प्रदान की गई, तत्पश्चात स्टेट हेल्थ एजेंसी आयुष्मान भारत-प्रधाङ्कनमंत्री जन आरोग्य योजना के अधिकारियों द्वारा पोर्टल के ईदमे इत्दै का प्रस्तुतिकरण किया गया। मान्यता प्राप्त पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड जारी करने की प्रक्रिया, आवेदन, सत्यापन और कार्ड डाउनलोड करने की पूरी प्रक्रिया को लाइव डेमो के माध्यम से समझाया गया। इस प्रक्रिया में मुख्यालय एवं प्रदेश के समस्त जिला सूचना कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। सूचना निदेशक ने बताया कि पोर्टल को पत्रकारों के लिए सरल एवं सुगम बनाया गया है ताकि अधिक से अधिक मान्यता प्राप्त पत्रकार बंधु व उनके परिजनों को इसका त्वरित लाभ मिल सकें। उन्होंने प्रदेश के समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे पत्रकार, जो मान्यता प्राप्त है, उनके व उनके परिजनों के आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बने है, एक सप्ताह के अंदर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करे। साथ ही मुख्यालय को भी अवगत कराए, ताकि मुख्यालय स्तर से अग्रेतर कार्यवाई त्वरित गति से सुनिश्चित करायी जा सके। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही न बरती जाएं। बैठक में वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक सतीश चन्द्र भारती, डॉ0 जितेन्द्र प्रताप सिंह, अमित कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

साइट विजिट में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने सीखी निर्माण कार्यों की बारीकियां

प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से विद्यार्थियों को व्यावहारिक तकनीकी ज्ञान देने के उद्देश्य से भोपा स्थित पीआरसी कंस्ट्रक्शन की निर्माण साइट का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।इसमें बीटेक सिविल इंजीनियरिंग, पॉलिटेकिन्क सिविल इंजीनियरिंग और आर्किटेक्चर के विद्यार्थियों ने भाग लिया।संस्थान के चेयरमैन डा0 एससी कुलश्रेष्ठ के मार्गदर्शन और निदेशक प्रो0 (डा0) अश्वनी कुमार वशिष्ठ के निर्देशन में आयोजित इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को भवन निर्माण की विभिनन प्रक्रियाओं,आधुनिक निर्माण तकनीकों,निर्माण सामग्री के उपयोग,साइट प्रबंधन,इंजीनियरिंग ड्राइंग और आर्किटेक्चरल प्लानिंग की जानकारी दी गई।कंपनी संचालक प्रदीप गुप्ता,जूनियर इंजीनियर कमल कुमार और आर्किटेक्ट एवं बिल्डर निशांत कुमार ने विद्यार्थियों को निर्माण कार्यों की व्यावहारिक प्रक्रिया,गुणवत्ता नियंत्रण,कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और निर्माण क्षेत्र में करियर की संभावनाओं से अवगत कराया।विशेषज्ञों ने कहा कि सफल इंजीनियर बनने के लिए सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव, तकनीकी दक्षता,अनुशासन,टीमवर्क और समस्या समाधान की क्षमता भी जरूरी है।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने और अपनी तकनीकी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त करने का अवसर मिला।शिक्षकों ने भी निर्माण स्थल पर संचालित गतिविधियों को समझाते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।इस अवसर पर सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष इं. फिरोज अली,इं. प्रवेश कुमार,इं. गौरांग शर्मा, इं. शुभम गुप्ता,शिवानी सिंह,पॉलिटेकिन्क प्राचार्य इं. आशीष कुमार,इं. विपुल शर्मा,इं. विपिन कुमार और इं. अलीशा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में इं. प्रवेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

गायक रोशन पाण्डेय को मिला 'सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन सम्मान-2026'

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। ऐतिहासिक कटरा रामलीला में अपने उत्कृष्ट संगीत निर्देशन से मंचन को नई पहचान देने वाले लोकप्रिय गायक एवं संगीत निर्देशक रोशन पाण्डेय को 'प्रयागराज रामलीला उत्कृष्टता सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान रामलीला मंचन में उत्कृष्ट संगीत निर्देशन, प्रभावशाली संगीत संयोजन तथा प्रभु श्रीराम की कथा के भावों को सजीव रूप में प्रस्तुत करने के लिए प्रदान किया गया। इस वर्ष कटरा रामलीला कमेटी ने पारंपरिक रामानंद सागर की रिकॉर्डेड ऑडियो के स्थान पर नया संगीत एवं प्रस्तुति संयोजन तैयार किया। इस अभिनव प्रयास में रोशन पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके निर्देशन ने रामलीला के प्रसंगों में भावनात्मक गहराई और भक्ति रस को सशक्त बनाया। यह सम्मान 27 अक्टूबर 2026 को आयोजित समारोह में परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती महाराज एवं महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी द्वारा प्रदान किया गया।

यह उपलब्धि प्रयागराज की समृद्ध रामलीला परंपरा को नवीनता के साथ आगे बढ़ाने का प्रतीक है और युवा संगीत साधकों के लिए प्रेरणा है।

दक्षिण रेलवे बना आरपीएफ डॉग ड्यूटी प्रतियोगिता का ओवरऑल विजेता, दक्षिण पूर्व रेलवे उपविजेता

17 रेल जोनों के 73 प्रशिक्षित डॉग्स ने लिया हिस्सा, दक्षिण रेलवे के 'जोरो' को मिला सर्वश्रेष्ठ डॉग का खिताब

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। 19वीं अखिल भारतीय आरपीएफ डॉग ड्यूटी प्रतियोगिता-2026 का समापन समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में दक्षिण रेलवे की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि दक्षिण पूर्व रेलवे की टीम उपविजेता रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह रहे। प्रतियोगिता में 17 रेल जोनों से आए 73 प्रशिक्षित डॉग्स, उनके हैंडलर्स तथा रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

समारोह का शुभारंभ अतिथियों के आगमन के साथ हुआ। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त जितेंद्र कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद परेड कमांडर सुरेंद्र सिंह चौधरी ने परेड प्रारंभ करने की अनुमति प्राप्त की। विभिन्न रेल जोनों से आई टीमों ने अनुशासित परेड प्रस्तुत करते हुए मंच को सलामी दी।

प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, उत्तर मध्य रेलवे प्रदीप कुमार गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन में रेलवे सुरक्षा व्यवस्था में प्रशिक्षित डॉग्स और उनके हैंडलर्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉग्स और हैंडलर्स के बीच बेहतर तालमेल, नियमित प्रशिक्षण तथा अनुशासन सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से विभिन्न रेल जोनों की टीमें अपनी कार्यक्षमता का प्रदर्शन करने के साथ अनुभव



साझा करती है और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी दक्षता में सुधार करती है। उन्होंने बताया कि यहां से चयनित सर्वश्रेष्ठ टीम अखिल भारतीय डॉग मीट में रेल सुरक्षा बल का प्रतिनिधित्व करेगी।

मुख्य अतिथि नरेश पाल सिंह ने रेलवे सुरक्षा बल की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि रेल यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे परिसरों की निगरानी और संभावित सुरक्षा खतरों की पहचान में आरपीएफ डॉग स्क्वॉड का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। ट्रैकिंग, विस्फोटक पदार्थों की पहचान तथा मादक पदार्थों का पता लगाने जैसे संवेदनशील कार्यों में प्रशिक्षित डॉग्स अपनी विशेष क्षमताओं से सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाते हैं। उन्होंने डॉग हैंडलर्स के समर्पण, निरंतर प्रशिक्षण और अपने डॉग्स के साथ बेहतर समन्वय की प्रशंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों को कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता के परिणामों में दक्षिण रेलवे ने ओवरऑल विजेता और दक्षिण पूर्व रेलवे ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। ट्रैकर डॉग प्रतियोगिता में दक्षिण रेलवे के बेल्जियन शेफर्ड 'जोरो' ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके हैंडलर हेड कांस्टेबल बी. सुरेश कुमार रहे। दक्षिण पूर्व रेलवे के बेल्जियन मैलिनॉइस 'सिम्बा' ने दूसरा और उत्तर रेलवे के जर्मन शेफर्ड 'फ्रेंडो' ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दक्षिण रेलवे के 'जोरो' को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ डॉग घोषित किया गया।

विस्फोटक पदार्थों की पहचान प्रतियोगिता में दक्षिण रेलवे के बेल्जियन शेफर्ड 'जैक' ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके हैंडलर हेड कांस्टेबल रॉबिन रहे। दक्षिण मध्य रेलवे के लैब्राडोर 'रेमो' ने दूसरा और पश्चिम मध्य रेलवे के लैब्राडोर 'जैकी' ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

मादक पदार्थों की पहचान प्रतियोगिता में दक्षिण मध्य रेलवे के बेल्जियन मैलिनॉइस 'वीरा' ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके हैंडलर कांस्टेबल एन. रामुडु नाइक रहे। दक्षिण रेलवे के बेल्जियन शेफर्ड 'पाब्लो' ने दूसरा और पश्चिम रेलवे के लैब्राडोर 'इंच' ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, समारोह के दौरान आयोजित डॉग शो में 'रेमो' को बेस्ट डॉग का पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता के समापन पर निशान टोली ने ध्वज उतारकर मुख्य अतिथि को सौंपा। इसके बाद महाप्रबंधक ने निर्णायक मंडल के सदस्यों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में रेलवे सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त सहायक उपनिरीक्षक ओ. पी. शर्मा, सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक पूरन सिंह, सेवानिवृत्त सहायक उपनिरीक्षक राज कुमार, उत्तर प्रदेश पुलिस के बीडीडीएस दल के सदस्य अजब सिंह और सीमा सुरक्षा बल के सत्यप्रकाश शुक्ला शामिल रहे। महाप्रबंधक ने निष्पक्ष मूल्यांकन और प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायकों के योगदान की सराहना की।

समारोह का प्रमुख आकर्षण डॉग शो रहा, जिसमें प्रशिक्षित डॉग्स ने अपने हैंडलर्स के निर्देशों पर विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया। उनकी तत्परता, अनुशासन, प्रशिक्षण क्षमता और हैंडलर्स के साथ बेहतर तालमेल ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

समापन समारोह में मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध, अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा प्रेम प्रकाश शर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन नंदीश शुक्ल, महाप्रबंधक के सचिव अखिल शुक्ल, पुलिस अधीक्षक जीआरपी विपुल श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय आशुतोष चौरसिया, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा, वरिष्ठ मंडल सिगन्ल एवं दूरसंचार इंजीनियर रश्मि गौतम तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी गिरीश कंचन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।प्रतियोगिता ने विभिन्न रेल जोनों के डॉग स्क्वॉड को अपनी दक्षता प्रदर्शित करने और सुरक्षा संबंधी अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान किया। प्रशिक्षित डॉग्स रेलवे परिसरों की निगरानी, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान तथा यात्रियों की सुरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

शिक्षिका सर्वेश कुमारी को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से किया सम्मानित



प्रातः काल एक्सप्रेस

झाँसी। देश की राजधानी नई दिल्ली में 25 अक्टूबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ , वृन्दावन धाम, मथुरा द्वारा नई दिल्ली के पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए विद्वत जनों को मेडल , प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर डॉक्टरेट की मानद उपाधि (विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान) से सम्मानित किया गया। हिन्दी संगोष्ठी एवं भव्य सम्मान समारोह का आयोजन रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के पूर्व कुलपति पद्मश्री डॉ. अरविन्द कुमार के मुख्य आतिथ्य, विद्यापीठ के कुलपति डॉ. इंदुभूषण मिश्र देवेन्दु की अध्यक्षता , मुख्य वक्ता के रूप में मेरठ के सुभारती विश्विद्यालय, मेरठ के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. इन्द्रजीत सिंह एवं अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ ,उत्तराखण्ड के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह तोमर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके किया ।देश के विभिन्न प्रान्तों से आए हुए विद्वत जनों को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि पद्मश्री डॉ. अरविन्द कुमार ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 343(1) के तहत हिन्दी को भारत की राजभाषा का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देखते हुए हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। संस्था के कुलपति डॉ. इन्दु भूषण मिश्रा ने बताया कि पं.दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ का यह सम्मान हिन्दी लेखन , शिक्षा के उनन्यन , पर्यावरण जागरूकता , चिकित्सा सेवा , विधि सहायता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सम्मानित जनों की विशिष्ट उपलब्धियों के आधार पर मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रदान किया जाता है । प्राथमिक विद्यालय टिकरा घाट हरख बाराबंकी की प्रधानाध्यापिका सुश्री सर्वेश कुमारी को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि (विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान) से सम्मानित किया गया।समारोह का संचालन कशिश चावला ने किया ।

सूा स्पर्श प्रणाली के तहत स्कूलों के खुलने हैं खाते

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र दीक्षित ने अग्रणी जिला प्रबन्धक से मुलाकात कर सन स्पर्श खातों को खोलने में की जा रही देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने ज्ञापन देकर बताया कि स्कूलों में एसएमसी के नए खाते राष्ट्रीयकृत बैंक में खोले जाने हैं। मगर बैंक कर्मियों द्वारा शासनादेश को दरकिनार कर खाता खोलने में अनावश्यक विलम्ब किया जा रहा है। उच्चाधिकारियों के आदेश अनुपालन में अध्यापक बैंक में खाता खुलवाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया अपना रहे हैं। मगर बैंक में शिथिलता के चलते उनके खाते नहीं खुल पा रहे हैं। कई जगह बैंक कर्मी शिक्षकों को बार - बार चक्कर लगवा रहे हैं और खाता खोलने में टाल मटोल की नीति अपना रहे हैं। इससे विद्यालय के वित्तीय कार्य प्रभावित होने की आशंका बन गई है। शिक्षक संघ ने मांग की है कि शाखा प्रबंधकों को आवश्यक निर्देश दिया जाए। इससे राष्ट्रीयकृत बैंक में निर्धारित प्रक्रिया के तहत एसएमसी के सन स्पर्श खाते शीघ्र खोले जाएं। इस दौरान जिला मंत्री मृत्युंजय सिंह, संयुक्त मंत्री शिवकुमार पाराशर, प्रवक्ता अब्दुल नोमान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण राय एवं कोषाध्यक्ष उमाशंकर शर्मा ने खाता खुलवाने के कार्य को प्राथमिकता में करवाने की मांग की है।

झांसी वेटेरन्स ने महोबा को 133 रनों से हराया, सार्थक शुक्ला बने मैन ऑफ द मैच

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। यू.पी. वेटेरन्स क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में जीआईसी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में झांसी वेटेरन्स इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महोबा वेटेरन्स इलेवन को 133 रनों के बड़े अंतर से पराजित कर दिया। झांसी की इस जीत के नायक कप्तान सार्थक शुक्ला रहे, जिन्हें शानदार अर्धशतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

मैच में टॉस जीतकर महोबा वेटेरन्स ने पहले गेंदबाजी करने का निणर्य लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी झांसी वेटेरन्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 207 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। झांसी की ओर से सलामी बल्लेबाज प्रभात यादव ने 64 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 64 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं, कप्तान सार्थक शुक्ला ने



आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए महज 35 गेंदों पर चार चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 58 रन बनाए। इसके अलावा सरफराज ने 46 और मुदस्सर खान ने 31 रनों का योगदान देकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

महोबा की ओर से जुबैर अली ने दो विकेट हासिल किए, जबकि मुबीन और शानू अंसारी को एक-एक विकेट मिला। 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महोबा वेटेरन्स की टीम झांसी के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। निर्धारित 20 ओवरों में महोबा की टीम आठ विकेट खोकर केवल 74 रन ही बना सकी। महोबा की ओर से आबिद ने सर्वाधिक 14 रन और रघुवंश शर्मा ने 11 रन बनाए। झांसी के गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी करते हुए विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। मुदस्सर खान, जैद अली और अकील अहमद ने प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए महोबा की रन गति पर अंकुश लगाए रखा।

इस प्रकार झांसी वेटेरन्स ने 133 रनों से शानदार जीत दर्ज की। बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कप्तान सार्थक शुक्ला को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुकाबले में अंपायर की भूमिका रेहान और आसिफ अली ने निभाई। झांसी वेटेरन्स के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से टीम में उत्साह का माहौल रहा।

स्वयं सहायता समूह महिलाओं के हुनर को रोजगार में बदलेगा 'प्रेरणा कैफे'

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में छह दिवसीय 'प्रेरणा कैफे' कार्यशाला शुरू, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

प्रातः काल एक्सप्रेस

झाँसी । स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में मंगलवार को छह दिवसीय 'प्रेरणा कैफे' कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इसमें बुंदेलखंड क्षेत्र की 22 महिलाओं को कैफे संचालन, खाद्य सुरक्षा, बेकरी, लागत निर्धारण और डिजिटल मार्केटिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे अपने कौशल को स्वरोजगार और उद्यमिता में बदल सकें।विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट (आईटीएचएम) में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि झाँसी के मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड़ एवं आईएएस अधिकारी आयुष सैनी की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय ने की। इस अवसर पर आईक्यूएसी निदेशक प्रो. सुनील कुमार कबिया एवं कुलसचिव ज्ञानेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण में कौशल विकास की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि महिलाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्यमिता से जोड़कर उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता की राह आसान बनाई जा सकती है। उन्होंने प्रतिभागी महिलाओं के उत्साह और स्वरोजगार के प्रति उनके संकल्प की सराहना की।



कार्यशाला के पहले दिन डॉ. आयुष सक्सेना ने आतिथ्य उद्योग में रोजगार एवं उद्यमिता की संभावनाओं की जानकारी दी। इसके बाद डॉ. आस्था सिंह और शेफ अभिषेक जोशी ने खाद्य सेवा से जुड़ी प्रक्रियाओं, उपकरणों के उपयोग और कैफे संचालन की बारीकियों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया।छह दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को मेनू तैयार करने, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा बनाए रखने, उत्पादों की लागत और मूल्य निर्धारित करने, व्यवसाय प्रबंधन, डिजिटल माध्यमों से प्रचार-प्रसार तथा बेकरी संचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।कार्यशाला समन्वयक डॉ. नूपुर गौतम ने कार्यक्रम के उद्देश्यों और प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आस्था सिंह ने किया तथा डॉ. प्रतिभा आर्या ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. ममता सिंह, डॉ. निष्ठा व्यास, डॉ. ज्योति मिश्रा एवं डॉ. गौरी खानवॉककर सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय की यह पहल स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को खाद्य सेवा क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए तैयार करने के साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उद्योगों की आधुनिक तकनीकों से रूबरू हुए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के विद्यार्थी

अटल व्याख्यान श्रृंखला में पूर्व छात्रों ने बताए शोध, उत्पाद विकास, स्मार्ट इंस्ट्रूमेंटेशन और इंडस्ट्री 4.0 के गुर

प्रातः काल एक्सप्रेस

झाँसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग विभाग में आयोजित 'अटल 2026' व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत पूर्व छात्रों ने विद्यार्थियों को शोध, नवाचार, उत्पाद विकास और आधुनिक औद्योगिक तकनीकों की बारीकियों से परिचित कराया। विशेषज्ञों ने अपने व्यावहारिक अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को उद्योग जगत की बदलती आवश्यकताओं और तकनीकी क्षेत्र में करियर की संभावनाओं से अवगत कराया।

विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेकनेलॉजी (आईईटी) के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग विभाग के स्टूडेंट क्लब द्वारा 14 से 24 अक्टूबर के बीच 'अटल 2026' के अंतर्गत तीन विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए।

व्याख्यान श्रृंखला में विभाग के पूर्व छात्र डॉ. स्वामीनाथ मौर्य (बैच 2007-11) ने 'फ्रॉम आइडिया टू प्रोडक्ट डेवलपमेंट' विषय पर विचार रखते हुए विद्यार्थियों को नवाचार और किसी विचार को व्यावहारिक उत्पाद में विकसित करने की प्रक्रिया से परिचित कराया।

वहीं, इंजीनियर सयंतन दास (बैच 2007-11) ने 'स्मार्ट इंस्ट्रूमेंटेशन इन ऑयल एंड गैस इंडस्ट्री' विषय पर तेल एवं गैस उद्योग में आधुनिक उपकरणों, स्वचालन और स्मार्ट इंस्ट्रूमेंटेशन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इंजीनियर पुष्पाकर यादव (बैच 2012-16) ने 'स्ट्रक्चर ऑफ बेवरेज (एसेप्टिक लाइन) विद इंडस्ट्री 4.0 एंड आईआईओटी' विषय पर व्याख्यान देते हुए पेय पदार्थ उद्योग में आधुनिक उत्पादन प्रणालियों, औद्योगिक स्वचालन और इंटरनेट आधारित तकनीकों की जानकारी दी।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यानों के माध्यम से विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रक्रियाओं, नई तकनीकों और कार्यक्षेत्र की वास्तविक चुनौतियों को समझने का अवसर मिला।

कार्यक्रम का समन्वय इंजीनियर नेहा जैन ने किया, जबकि सत्रों का संचालन एलुमनाई अफेयर्स कोऑर्डिनेटर इंजीनियर इकरूप वर्मा ने किया। आयोजन में विद्यार्थी समन्वयकों शुभ्रा यादव, शुभाशिनी द्विवेदी, सुमित, राघव कौशिक, आदित्य कुमार यादव, योगेश अहिरवार, सोनी वर्मा, दिव्यांशी, दीपक कुमार गुप्ता एवं गौरव यादव का विशेष योगदान रहा।

अटल व्याख्यान श्रृंखला का उद्देश्य पूर्व छात्रों के अनुभवों का लाभ वर्तमान विद्यार्थियों तक पहुंचाना, उन्हें उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना तथा शैक्षणिक ज्ञान और औद्योगिक अनुभव के बीच की दूरी को कम करना है।

डॉ. संदीप सरावगी ने महर्षि वाल्मीकि जयंती की भव्य शोभायात्रा में की सहभागिता, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

प्रातः काल एक्सप्रेस

झाँसी। महर्षि वाल्मीकि जयंती एवं दसवें प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर 26 अक्टूबर 2026 को हँसारी स्थित श्री सिद्धपीठ महर्षि वाल्मीकि मंदिर, टेरिया मोहल्ला से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक श्रद्धा, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकता के भावों से ओतप्रोत इस आयोजन में संघर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. संदीप सरावगी शामिल हुए और महर्षि वाल्मीकि जी के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। प्रथम कार्यक्रम में डॉक्टर संदीप सरावगी नंदनपुरा के गली नंबर 5 स्थित वाल्मीकि मंदिर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जहां तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया तत्पश्चाप उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की पूजा अर्चना की।

इसके पश्चात तीन दिवसीय समारोह के अंतर्गत 25 से 27 अक्टूबर तक अखंड रामायण पाठ, हवन-पूजन, नगर भ्रमण शोभायात्रा, सम्मान समारोह एवं भंडारा भोज सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम निर्धारित किए गए। शोभायात्रा के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाओं, आदर्शों और समरस समाज की



परिकल्पना को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर डॉ. संदीप सरावगी ने कहा, 'महर्षि वाल्मीकि जी भारतीय संस्कृति और साहित्य की अमूल्य धरोहर हैं। उनकी रचनाएँ हमें सत्य, मर्यादा, करुणा और कर्तव्यनिष्ठा का मार्ग दिखाती हैं। उनका जीवन इस बात का प्रेरक उदाहरण है कि ज्ञान, साधना और सद्कर्म से व्यक्ति समाज को नई दिशा दे सकता है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठते हुए प्रेम, सद्भाव और समरसता को सुदृढ़ करना चाहिए।'

उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी गौरवशाली परंपराओं को जीवंत रखने के साथ-साथ समाज में पारस्परिक सम्मान, एकता और बंधुत्व की भावना को भी पुष्ट करते हैं।

आयोजन समिति में मंदिर संरक्षक एवं अध्यक्ष उस्ताद अशोक नाथ दीवाना, उपाध्यक्ष सुरेश खजांची, कोषाध्यक्ष जीतू पहलवान तथा महामंत्री सोनू पहलवान प्रमुख रूप से शामिल है। समिति के अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों में धरम करोसिया, शैलेन्द्र गोहर, राजेश पहलवान, भूपेन्द्र गोहर, सुरेश चौहान, संदीप नाहर, शिवम गोहर, सतीश पहलवान, मोहन उदइया उर्फ गुड्डन तथा धीरज पहलवान के नाम शामिल है।

वहीं, शोभायात्रा एवं भंडारा प्रबंधन समिति में अजय टकवेदार, विजय कुमार टाक, धर्मेन्द्र करोसिया, कमल कुमार दीवाना, आकाश चडारिया, रवि पहलवान, छम्मन कुमार, बंटी दीवाना, शिवा सरावन, रिशन कुमार तथा रिशम राय सहित अन्य सदस्य आयोजन की व्यवस्थाओं से जुड़े रहे। वहीं नंदनपुरा में ज्योति बोरे, जीवन बोरे, संजय महरौलिया, सुनील, विशाल सदा बोरे, निशांत, जितेंद्र, अंकित, अमन, शिवम, अनिकेत, गोलू, लखन आदि उपस्थित रहे।

आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा सामाजिक समरसता, आपसी सद्भाव और भाईचारे को मजबूत बनाने का आह्वान किया।



सहारनपुर में प्रथम मण्डलीय पोल्ट्री कान्क्लेव का हुआ भव्य आयोजन

कुक्कुट विकास एवं अंडा उत्पादन में कुक्कुट विकास नीति के तहत सहारनपुर प्रथम स्थान पर - मण्डलायुक्त

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। प्रदेश में अंडो एवं कुक्कुट मांस की मांग के अनुरूप उपलब्धता को सुनिश्चित करने तथा मांग एवं उत्पादन के अंतर को खत्म करने के उद्देश्य से पोल्ट्री फार्मर्स को प्रोत्साहित एवं जागरूक करने के लिए उ0प्र0शासन पशुधन की अनुशंसा के अनुरूप सहारनपुर मंडल में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 एम.पी. सिंह द्वारा अपर निदेशक ग्रेड-2 के मार्गदर्शन में एतिहासिक मंडलीय प्रथम पोल्ट्री कान्क्लेव का आयोजन राज पैलेस में किया गया। पोल्ट्री कान्क्लेव के मुख्य अतिथि मंडलायुक्त डा. रुपेश कुमार के साथ जिलाधिकारी श्री अरविंद कुमार चौहान अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंडलायुक्त डॉ0 रूपेश कुमार द्वारा बताया गया कि प्रदेश में कुक्कुट विकास एवं अंडा उत्पादन में कुक्कुट विकास नीति के तहत सहारनपुर प्रथम स्थान पर है। कुक्कुट पालन से ग्रामीण परिवारों को पोषक प्रोटीन युक्त आहार की उपलब्धता के साथ-साथ लोगों



को रोजगार मिलता है तथा उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। पोल्ट्री कान्क्लेव में लगभग सात सौ पोल्ट्री फार्मर्स, उद्यमि एवं पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। लगभग 25 से अधिक विभिन्न कम्पनियों द्वारा अपने स्टॉल लगा कर तथा मंच से व्याख्या करके अपनी कम्पनी को रिप्रजेंट किया गया। जिसमें व्हेन कोब एवं वेंकी इंडिया का प्रमुख सहयोग रहा। जिसके जीएम डॉ0 दानवीर सिंह एवं डॉ0 नेत्रपाल उपस्थित रहे। पशु पालन विभाग निदेशालय लखनऊ से आए अपर निदेशक ग्रेड-1 कुक्कुट एवं उपनिदेशक कुक्कुट डा0 ब्रिजेश त्रिपाठी द्वारा कान्क्लेव में कुक्कुट पालन, अंडा व्यवसाय की महत्ता के बारे में जानकारी के साथ-साथ कुक्कुट विकास नीति 2022 को व्यापक रूप में बताया गया। पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय (दुवासु, मथुरा) के प्रोफेसर डा. अमिताव भट्टाचार्य द्वारा कुक्कुट व्यवसाय में आ रही प्रमुख तकनीकों के बारे में प्रकाश डाला गया। कान्क्लेव में लीड बैंक मैनेजर पीएमबी के प्रतिनिधियों द्वारा कुक्कुट विकास नीति के अंतर्गत बैंक लोन देने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। पोल्ट्री कान्क्लेव में 100 करोड रुपये के निवेश हेतु विभिन्न उद्यमियों एवं कुक्कुट पालकों द्वारा एमओयू हस्ताक्षरित किये गये। मंडल के प्रमुख सफल पोल्ट्री फार्मर्स द्वारा अपनी सफलता की कहानी को मंच से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न पोल्ट्री फार्मर्स/उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर निदेशक ग्रेड-2 सहारनपुर मंडल डा0 समदर्शी, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 सुबोध कुमार, पोल्ट्री प्रोग्राम आफिसर डा0 कृष्ण कुमार, डॉ0 गौरव तिवारी, डा0 अमित कुमार यादव, बिजेन्द्र कुमार, जगत सिंह, मनोज कुमार उपस्थित रहे।

देवबंद पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी का किया खुलासा, हिस्ट्रीशीटर समेत 2 गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस



सहारनपुर। थाना देवबंद पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए हिस्ट्रीशीटर समेत 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 28 इंडेन गैस सिलेंडर, 3 गैस चूल्हे और घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो गाड़ी बरामद हुई। 20 अक्टूबर को रणखंडी इंडेन गैस गोदाम से 22 भरे सिलेंडर और 4 चूल्हे तथा 17 फरवरी को भायला गैस गोदाम से 18 सिलेंडर चोरी के मामले दर्ज हुए थे। एसएसपी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक संदीप बालियान के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर मंगलौर रोड गंगदासपुर जंगल के रास्ते से फिरोज पुत्र अनीस निवासी सावंत खेड़ी थाना बड़गांव और फुरकान पुत्र आस मोहम्मद निवासी मेरठ हाल गुर्जरवाड़ा देवबंद को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में फिरोज ने बताया कि 5-6 दिन पहले रणखंडी गोदाम से चोरी में 4 सिलेंडर साथी ले गए थे, शेष 18 वह फुरकान को बेचने जा रहा था। 8-9 माह पूर्व भायला गोदाम से चोरी किए 10 सिलेंडर फुरकान को बेचे थे, जो सापला रोड स्थित हलीम बिरयानी दुकान से बरामद हुए। फिरोज थाना बड़गांव का हिस्ट्रीशीटर है, जिस पर एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। महिला मिशन शक्ति टीम ने नगर के नुक्कड़, चौराहों पर महिलाओं के साथ संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा व साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा जारी किये गये, हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। मंगलवार। मिशन शक्ति टीम इंचार्ज महिला उप निरीक्षक सुमन के नेतृत्व में एंटी रोमियो व मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं तथा बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में लगातार जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं को उनकी सुरक्षा के साथ साथ स्वावलंबन व सशक्तिकरण के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। टीम द्वारा महिलाओं को असुरक्षा और उत्पीड़न की स्थिति में हेल्पलाइन नंबरो जानकारी दी गयी तथा पम्पलेट वितरित किये गये। इस दौरान महिला मुख्य आरक्षी सुनीता, रचना व रिक्रूट महिला आरक्षी मंजू शामिल रही।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। पुलिस कार्यालय, सहारनपुर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दूर-दराज क्षेत्रों से अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर पहुंचे आमजन की समस्याओं को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं धैर्यपूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों से उनकी समस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेकर निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपस्थित नागरिकों को उनकी शिकायतों के त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान का आश्वासन प्रदान किया गया तथा उन्हें विश्वास दिलाया गया कि सहारनपुर पुलिस आमजन की सुरक्षा, सम्मान एवं समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। सहारनपुर पुलिस की प्राथमिकता जनसुनवाई त्वरित समाधान पारदर्शी कार्यवाही निष्पक्ष न्याय

सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु सहारनपुर पुलिस की सघन पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। आगामी त्यौहारों एवं जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से सहारनपुर पुलिस द्वारा सघन पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगातार पैदल गश्त की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग करते हुए आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहे है तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित कर रहे है ।

सहारनपुर पुलिस का उद्देश्य स्पष्ट है–जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखते हुए प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना।

थाना मण्डी, सहारनपुर पुलिस ने चेकिंग व दबिश के दौरान 1 वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिह राणा के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली मण्डी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग व दबिश के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त समीर पुत्र राशिद निवासी पीरवाली गली न.8/4 थाना मण्डी जनपद सहारनपुर को सम्बन्धित मु0अ0सं0 305/2019 धारा 379/411 भादवि (प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यया परिषद, सहारनपुर) में पीरवाली गली से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

पहले सुधार के बाद फिर मतदाता सूची से नाम गायब, जांच की मांग

बिंदकी/फतेहपुर। मतदाता सूची में पहले सुधार होने के बावजूद दोबारा नाम हटाए जाने का मामला सामने आया है। बिंदकी निवासी महिला मतदाता का नाम सूची से हटाए जाने पर अधिवक्ता अमजद खान ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को शिकायती पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच और नाम दोबारा शामिल कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान महिला के नाम में त्रुटि मिलने पर 19 दिसंबर 2025 को शिकायत की गई थी। उस समय बूथ संख्या 152 के क्रमांक 1072 पर नाम संबंधी त्रुटि के सुधार के लिए फॉर्म-8 भरने को कहा गया था। बाद में नायब तहसीलदार के हस्तक्षेप से सुधार भी कराया गया था। इसके बावजूद नाम दोबारा हटाए जाने पर निर्वाचन व्यवस्था पर सवाल उठाए गए हैं। अधिवक्ता ने नाम हटाने का आधार, संबंधित आदेश और जिम्मेदार अधिकारियों का विवरण उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही, पुराने अभिलेखों की जांच कर त्रुटिपूर्ण विलोपन पाए जाने पर महिला का नाम नियमानुसार दोबारा जोड़ने और लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारी तय करने का अनुरोध किया है।

मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में हुई सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यों, कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

फैमिली आईडी में लाएं प्रगति, बीडीओ एवं अधिशासी अधिकारियों की प्रतिदिन करें समीक्षा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर । मंडलायुक्त डॉ0 रूपेश कुमार की अध्यक्षता में सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा, कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों तथा वादों की प्रगति की वर्चुअल माध्यम से मण्डलीय समीक्षा बैठक आहूत की गई. एनआरएलएम आरएफ सीआईएफ में जनपद सहारनपुर को बी श्रेणी, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में शामली को सी श्रेणी, जननी सुरक्षा योजना में मुजफ्फरनगर को बी श्रेणी एवं सहारनपुर को सी श्रेणी, जल जीवन मिशन हर घर जल में मुजफ्फरनगर एवं सहारनपुर को बी श्रेणी, फैमिली फैमिली आईडी में जनपद मुजफ्फरनगर एवं सहारनपुर को सी श्रेणी तथा शामली को बी श्रेणी, राज्य योजना में सहारनपुर एवं मुजफ्फरनगर को डी श्रेणी, नई सडकों के निर्माण में मण्डल के तीनों जनपदों को बी श्रेणी, ओडीओपी टूलकिट एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में डी श्रेणी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में मुजफ्फरनगर एवं सहारनपुर को डी श्रेणी मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिए कि सभी विभाग सीएम डैशबोर्ड में सर्वोच्च रैंकिंग के लिए प्रयास करें। उन्होने कहा कि सभी विभाग विकास कार्यों में प्राप्त रैंकिंग को उच्चतम श्रेणी में लाएं। विभाग कार्यशैली में सुधार लाते हुए रैंकिंग को बेहतर करें। मण्डलायुक्त ने जननी सुरक्षा योजना में मण्डल की खराब प्रगति पर एडी हैल्थ को कारण बताओं नोटिस जारी करने के साथ ही सहारनपुर में योजना के नोडल अधिकारी का स्पष्टीकरण जारी करते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों को पोर्टल पर फीड नहीं करने वाले संबंधित सभी अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान उन्होने निर्देश दिए कि पाईपलाईन बिछाने के लिए तोडी गयी सडकों को पुनर्स्थिति में लाते हुए फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। मण्डल की विधानसभाओं में बनने वाले उत्सव भवनों के लिए मुख्य विकास अधिकारी से वार्ता करने के निर्देश उप निदेशक पंचायत को दिए।

मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्रकरणों का समय से गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी प्रकरण डिफाल्टर श्रेणी में न जाए। यह भी देखा जाए कि शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट है अथवा नहीं। शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से वार्ता भी की जाए। बेहतर फीड बैक न आने पर अधिकारी स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें। इन प्रकरणों पर लापरवाही करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राजस्व एवं कर करेत्तर की समीक्षा के दौरान उन्होने बैठक से अनुपस्थित रहने पर खनन अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश अपरजिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को दिए। उन्होने सख्त निर्देश दिए कि भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होने कहा कि राजस्व से संबंधित 5 वर्ष पुराना एक भी वाद न रहे। इसी के साथ प्रयास के किए जाएं कि 03-05 वर्ष पुराने वादों का भी यथाशीघ्र निस्तारण हो सके। उन्होने जिलाधिकारियों एवं अपर जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अंश निर्धारण कार्य में प्रगति लाएं तथा औचक निरीक्षण किया जाए। 10 बडे बकाएदारों से वसूली की जाए। प्रत्येक तहसील में बकाएदारों की निरंतर समीक्षा की जाए। बैठक में जिलाधिकारी सहारनपुर अरविन्द कुमार चौहान, जिलाधिकारी शामली आलोक कुमार, नगर आयुक्त शिपु गिरी, वीसी एसडीए सूरज पटेल, मुख्य विकास अधिकारी सहारनपुर डॉ0 सुनील कुमार वर्मा, अपर आयुक्त प्रशासन रमेश यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहारनपुर सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मुजफ्फरनगर गंभीर सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त दुष्यंत कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जल निगम, चिकित्सा सहित संबंधित विभागों के मण्डल एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जीवन के पहले 1000 दिनों में बेहतर देखभाल और पोषण पर जोर

प्रातः काल एक्सप्रेस



फतेहपुर। जीवन के शुरुआती 1000 दिन बच्चे के स्वास्थ्य, पोषण और समग्र विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इसके लिए वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित जागरूकता और समुदाय की भागीदारी जरूरी है। यह बात मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने 'जीवन के प्रथम 1000 दिवस' पहल के तहत आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर कही।? कार्यक्रम में मातृ स्वास्थ्य, सुरक्षित प्रसव, नवजात शिशु की देखभाल, स्तनपान, पोषण और संवेदनशील परवरिश जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। सीडीओ ने कहा कि प्रशिक्षित कर्मी परिवारों को जागरूक करने और सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। वर्ष 2022 से जनपद में संचालित इस पहल के तहत मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के 6,000 से अधिक अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के अनुकूल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. यूबी सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी, वैन लीर फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक अनुभव गर्ग और विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसायटी की कार्यक्रम प्रबंधक दूर्वा घोष सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

परिषदीय विद्यालयों में अधूरे कार्य जल्द पूरे कराने के निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में अधूरे कार्य जल्द पूरे कराने, मानक के अनुसार बालिका शौचालयों का निर्माण और जर्जर भवनों का ध्वस्तीकरण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब का शत-प्रतिशत संचालन सुनिश्चित करने के साथ मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालयों के निर्माण में तेजी लाने को कहा। निपुण भारत मिशन के तहत कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत आकलन कराने और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया। साथ ही कक्षा पांच व आठ पास विद्यार्थियों के अगले कक्षा में नामांकन तथा अपार आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और सभी खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

बंगाल की खाड़ी में चक्रवात का असर, मीरजापुर में 28 से 30 अक्तूबर तक आंधी-बारिश का अलर्ट

जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी, किसानों को फसल सुरक्षित रखने के निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस
शाहिद वारसी

मीरजापुर। बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे निम्न दबाव क्षेत्र के चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरे जिले में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केंद्र लखनऊ की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार इसके प्रभाव से प्रदेश में मौसम बदलेगा और 28 अक्तूबर से बेमौसम वर्षा का एक और दौर शुरू होगा। पूर्वानुमान के अनुसार जनपद मीरजापुर में 28 अक्तूबर को गरज-चमक और वज्रपात के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। झोंकों की गति 50 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। वहीं 29 तथा 30 अक्तूबर को तेज हवाओं, गरज-चमक और वज्रपात के साथ भारी वर्षा की संभावना जताई गई है।

प्रशासन की अपील 1. तेज हवा व वज्रपात के दौरान खुले मैदान, पेड़, बिजली के खंभों, टिनशेड तथा कमजोर होर्डिंग के नीचे खड़े न हों। सुरक्षित पक्के भवन में शरण लें।

2. किसान भाई मौसम की स्थिति को ध्यान में रखकर फसलों की कटाई, मड़ाई एवं खुले में रखे अनाज को सुरक्षित करने की व्यवस्था करें। कृषि कार्य के दौरान आकाशीय बिजली की चेतावनी मिलने पर खुले खेतों में न रुकें।3. नदी, नालों, जलाशयों, बांधों एवं जलप्रपातों के आसपास अनावश्यक रूप से न जाएं। वर्षा के दौरान तेज बहाव वाले पानी को पार करने का प्रयास न करें।

4. कच्चे एवं जर्जर भवनों में रहने वाले लोग विशेष सतर्कता बरतें तथा आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं।5. बिजली कड़कने के दौरान खुले स्थानों, ऊंचे पेड़ों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें। बिजली के उपकरणों का उपयोग सावधानीपूर्वक करें।6. मौसम संबंधी नवीनतम जानकारी एवं चेतावनियों के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग के आधिकारिक माध्यमों तथा मौसम, दामिनी एवं मेघदूत ऐप का उपयोग करें।7. किसी भी आपातकालीन स्थिति में जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 05442-256357 अथवा आपदा हेल्पलाइन 1077 पर सूचना दें।

बी.एम.एस. जूनियर हाईस्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित,

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। ग्राम पटना उर्फ नयाबांस स्थित बी.एम.एस. जूनियर हाईस्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने मेहंदी की आकर्षक एवं सुंदर डिजाइनों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया।प्रतियोगिता में लवीना और वंशिका ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। राधिका द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि नाविक, सन्हा और सफकरोज ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जैकी कालरा ने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को निखारने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

भाजपा से चुनाव लड़ चुके हीरालाल निषाद सपा में शामिल

साइकिल की सवारी करने का लोग मान रहे हैं संभावित दावेदारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। वर्ष 2012 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके हीरालाल निषाद ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया है। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनके इस कदम को आगामी विधानसभा चुनाव से पहले जिले की राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

हीरालाल निषाद की सपा में एंट्री के बाद अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र में उनकी राजनीतिक भूमिका को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई है। उन्हें इस सीट से संभावित उम्मीदवार के रूप में भी देखा जा रहा है। हालांकि, सपा की ओर से उनकी उम्मीदवारी को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हीरालाल निषाद का सपा में शामिल होना जिले में बदलते राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। अब देखना होगा कि आगामी चुनाव में पार्टी उन्हें क्या जिम्मेदारी देती है।